चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 303, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 03 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# फेक खबरों पर चीफ जस्टिस ने जताई चिंता

## देश में फर्जी खबरों के प्रसार पर सीजेआई ने जाहिर की चिंता, कहा- इनका लक्ष्य सत्य को नष्ट करना है

**नई दिल्ली**

**देश** में फर्जी खबरें और गलत सूचना बड़ी समस्या बन चुकी है। इस बारे में भारत के प्रधान न्यायाधीश सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि फर्जी खबरों और गलत सूचना में लोकतांत्रिक चर्चा को कमजोर करने की ताकत होती है। फर्जी खबरों का का लक्ष्य सत्यता को नष्ट करना है।

**विकसित देश भी फर्जी खबरों से अछूते नहीं हैं**

जस्टिस चंद्रचूड़ 14वें न्यायमूर्ति वीएम तारकुंडे मेमोरियल व्याख्यान में शामिल हुए। यहां उन्होंने डिजिटल युग में नागरिक स्वतंत्रता को कायम रखना- गोपनीयता, निगरनी और मुक्त भाषण विषय पर संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि प्रसार के आधार पर फर्जी खबरें सत्य को खत्म कर देती है। दुष्प्रचार में लोकतांत्रिक चर्चा को हमेशा के लिए खराब करने की शक्ति होती है। स्वतंत्र विचारों के बाजार को नकली कहानियों से भरना है। सीजेआई ने कहा कि दुनियाभर में चाहे वह लीबिया हो, फिलीपींस हो, जर्मनी हो या संयुक्त राज्य अमेरिका भी फर्जी प्रसार से कलंकित हो चुके हैं।

**कोविड-19 के दौरान फर्जी खबरों का प्रसार हुआ**

सीजेआई ने कहा कि मुझे याद है कोविड-19 के दौरान जब हम महामारी के दौर में थे तब इंटरनेट सबसे अधिक फर्जी खबरों और अफवाहों से भरा था। विद्वानों के लिए वह हास्य का स्त्रोत था। सीजेआई ने कहा कि डिजिटल युग में गोपनीयता सिर्फ डेटा सुरक्षा तक का मामला ही नहीं है। यह मौलिक अधिकार का मामला है। देश के हर नागरिक की, चाहे उसकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कैसी भी हो निजता उसका अधिकार है।



## बीएसएफ का दायरा बढ़ने से नहीं घटेंगे पंजाब के अधिकार: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय सीमा के भीतर तलाशी, जब्ती और गिरफ्तारी के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकार के दायरे को 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर करने का केंद्र का फैसला पंजाब पुलिस के जांच अधिकारों को छीनना नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को यह टिप्पणी पंजाब पुलिस के 2021 में दायर मुकदमे पर सुनवाई के दौरान की। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही केंद्र और पंजाब सरकार को राज्य के भीतर बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र से संबंधित मुद्दे को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने का निर्देश दिया।

## सुप्रीम कोर्ट: क्या महिला पर दुष्कर्म का केस हो सकता है? परीक्षण करेगा शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने इस बात का परीक्षण करने का फैसला किया कि क्या किसी महिला को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 375 के तहत दुष्कर्म के मामले में आरोपी बनाया जा सकता है। जस्टिस हृषिकेश रॉय और जस्टिस संजय करोल की पीठ ने इस बात पर संदेह व्यक्त किया कि क्या किसी महिला पर दुष्कर्म का मामला दर्ज किया जा सकता है। पीठ ने मौखिक रूप से यह भी कहा कि उसके अनुसार केवल एक पुरुष पर ही दुष्कर्म का आरोप लगाया जा सकता है। शीर्ष अदालत 61 वर्षीय विधवा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें दावा किया गया था कि उसे उसके बेटे के खिलाफ दायर झूठे दुष्कर्म मामले में फंसाया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील ऋषि मल्होत्रा ने कहा कि महिला पर कभी भी दुष्कर्म का मामला दर्ज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रिया पटेल मामले में शीर्ष अदालत ने कहा कि सामूहिक दुष्कर्म के मामलों में एक महिला को एक समान इरादे साझा करने वाला नहीं कहा जा सकता क्योंकि महिलाओं को दुष्कर्म की परिभाषा से बाहर रखा गया है।




## एशियन रिसर्फेसिंग मामले में कोर्ट ने जताई आपत्ति



**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने एशियन रिसर्फेसिंग मामले पर 2018 के अपने फैसले पर आपत्ति जताई। इस मामले में आदेश दिया गया था कि छह महीने की समय सीमा समाप्त होने पर सभी दीवानी और आपराधिक मामलों में कार्रवाई पर रोक हटा दी जाएगी।

सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने फैसले में निर्धारित सिद्धांत पर पुनर्विचार के लिए मामले को पांच सदस्यीय संविधान पीठ के पास भेज दिया।

पीठ ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि अनिश्चितकालीन रोक के परिणामस्वरूप दीवानी या आपराधिक कार्यवाही अनावश्यक रूप से लंबी हो जाएगी लेकिन साथ ही यह भी ध्यान में रखना होगा कि देरी हमेशा संबंधित पक्षों के आचरण के कारण नहीं होती है। पीठ ने कहा, अदालतों की कार्यवाही को शीघ्रता से शुरू करने में असमर्थता के कारण भी देरी हो सकती है। वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी को सुनने के बाद पीठ ने मामले को संविधान पीठ के समक्ष रखने का फैसला किया और अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरामणी या सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से सहायता मांगी। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि मामले को जल्द से जल्द सूचीबद्ध किया जाएगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से पेश होते हुए द्विवेदी ने कहा कि 2018 का आदेश बहुत सारी समस्याएं पैदा कर रहा है।

## नासा प्रमुख ने बताई भारत के साथ निशार के लॉन्च की अहमियत

**बंगलूरू**

**भारत** के चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर मुंबई में मीडिया से बात करते हुए नासा के प्रमुख बिल नेल्सन ने इसरो की सराहना की है। उन्होंने कहा कि भारत ने कुछ ऐसा कर दिखाया जो किसी दूसरे देश ने नहीं किया और इसके लिए भारत पूरी तरह से प्रशंसा का पात्र है। बिल नेल्सन ने कहा, 'भारत को मेरी शुभकामनाएं। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर कदम रखने वाले आप पहले देश हैं। हमारे पास एक वाणिज्यिक लैंडर है जो अगले साल उतरेगा, लेकिन भारत पहला था। दूसरे देशों ने कोशिश की लेकिन वे सभी असफल रहें। आप पूरी तरह से प्रशंसा के पात्र हैं।'

**क्या है एनआईएसएआर?**

इस दौरान एनआईएसएआर के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि चार अहम वेधशालाओं के साथ 3डी मॉडल तैयार किया गया है जो यह पता लगाएगा कि पृथ्वी में क्या-क्या हो रहा है। नेल्सन ने कहा, यह भारत सरकार के साथ एक अहम वेधशाला है। यहां चार मुख्य वेधशालाएं हैं। एक बार जब हम पहले से मौजूद 25 अंतरिक्षयानों के साथ चारों को ऊपर ले जाएंगे तो हमारे पास पृथ्वी में क्या हो रहा है इसका एक पूरा 3डी डेटा होगा। हम अपने घर को सुरक्षित रखना चाहते हैं। एनआईएसएआर उनमें से एक प्रमुख वेधशाला है। यह पृथ्वी के सभी सतहों का निरीक्षण करेगा। यह जल, थल और बर्फ में हो रहे परिवर्तनों के बारे में बताएगा। यह एक अलग तरह का डेटा होगा, जिससे हमें पता चलेगा कि पृथ्वी में क्या-क्या हो रहा है। यह मिशन अगले साल के पहले चरण में शुरू होगा। भारतीय स्पेस एजेंसी द्वारा रॉकेट प्रदान किया जाएगा और उसके बाद हम साथ में अंतरिक्षयान का निर्माण करेंगे।

**2024 में होगा एनआईएसएआर का निरीक्षण**


एनआईएसएआर नासा और इसरो का संयुक्त अभियान है और जब यह अपने कक्ष में होगा तो इसका रडार सिस्टम 12 दिनों में दो बार लगातार सभी भूमि और बर्फ की सतहों को स्कैन करेगा। नाशा प्रमुख ने बताया कि वे एक बार फिर चंद्रमा पर जाएंगे और इस दौरान उनके साथ उनके अंतरराष्ट्रीय साझेदार होंगे।

## शीतकालीन सत्र से पहले सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली**

**संसद** का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरू हो रहा है, जो 22 दिसंबर तक चलेगा। यह 17वीं लोकसभा का आखिरी सत्र है। 19 दिन के इस सेशन के दौरान 15 बैठकें होंगी। इसके बाद केवल विशेष बजट सत्र बुलाया जाएगा, जिसमें मौजूदा मोदी सरकार अंतरिम बजट पेश करेगी। अगले साल मई 2024 में लोकसभा चुनाव होंगे। जिसके बाद 18वीं लोकसभा का सत्र नई सरकार के आने पर बुलाया जाएगा।

**महुआ के निष्कासन पर अधीर-रंजन का लोकसभा स्पीकर को लेटर**



पार्लियामेंट का विंटर सेशन 4 दिसंबर से शुरू हो रहा है। इससे पहले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला को 4 पन्नों का लेटर लिखा है। रंजन का कहना है - टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को संसद से निष्कासित करना बेहद गंभीर सजा होगी। इसका बड़े पैमाने पर असर होगा।

## दुनिया में आपदा से किसानों को हर वर्ष 10 लाख करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली**

**खेती-किसा**नी पर साल दर साल आपदाओं का जोखिम बढ़ रहा है। खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की रिपोर्ट के अनुसार इन आपदाएं के चलते दुनिया भर के किसानों पर हर साल 10.2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की मार पड़ रही है। यह वैश्विक स्तर पर कृषि क्षेत्र के वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद के करीब पांच फीसदी हिस्से के बराबर है। एफएओ की नई स्टैटिस्टिकल ईयरबुकः वर्ल्ड फूड एंड एग्रीकल्चर 2023 के अनुसार, 1991 से 2021 के दौरान किसानों को बाढ़, सूखा, तूफान, ओला, जैसी आपदाओं के चलते फसल उत्पादन और पशुधन के रूप में करीब 316.6 लाख करोड़ रुपए का नुकसान झेलना पड़ा है। इन आपदाओं का सबसे ज्यादा खामियाजा भारत सहित पूरे एशिया के किसानों को भुगतना पड़ा है। इन्हें इन तीन दशकों के दौरान करीब 143.3 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। अमेरिका और यूरोप अपने कृषि क्षेत्र के संबंध में आनुपातिक रूप से अधिक प्रभावित हुए हैं। यदि कृषि क्षेत्र के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लिहाज से देखें तो इन आपदाओं से अफ्रीका में किसानों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है।



**खेती में कम हुई रुचि, श्रमबल 40 से घटकर 27 फीसदी पहुंचा**

धीरे-धीरे किसानों और कृषि श्रमिकों का खेती-किसानी से लगाव घट रहा है। यही वजह है कि पिछले 21 वर्षों में कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों में गिरावट देखी गई है।

## सहमति रोकने के बाद राष्ट्रपति को नहीं भेज सकते विधेयक: सुप्रीम कोर्ट



**लखनऊ**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने झारखंड के हजारीबाग में सीमा सुरक्षा बल के 59वें स्थापना दिवस परेड समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर शाह ने स्पष्ट किया कि, मोदी सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि अब जल्द ही भारत वामपंथी उग्रवाद से पूर्णतया मुक्त हो जाएगा। पूरा देश जानता है कि दशकों से भारत के विकास में वामपंथी उग्रवाद एक बाधा बन कर खड़ा रहा है, लेकिन आजाद भारत के किसी भी सरकार ने इस समस्या का समाधान नहीं निकाला। वामपंथी उग्रवाद का दंश झेल रहा क्षेत्र और भी पिछड़ता चला गया। साल 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वामपंथी उग्रवाद से निपटने की दिशा में जोर-शोर से प्रयास किया जाने लगा। साल 2019 में जब अमित शाह ने केंद्रीय गृह मंत्री का पदभार संभाला, उसके बाद मोदी-शाह की जोड़ी ने वामपंथी उग्रवाद पर नकेल कसने में रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल की है। पीएम मोदी की दूरदर्शिता और शाह की सटीक रणनीतियों से साल 2022 और 2023 में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ बड़ी सफलताएँ प्राप्त हुई हैं। वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के नए शिविर की स्थापना और उनकी तैनाती शाह की योजनाओं की प्राथमिकता है। 199 नए कैंपों की स्थापना और गश्त बढ़ने से वामपंथी उग्रवादियों की सभी प्रकार के संसाधनों में कमी आई है। पिछले 9 सालों में मोदी सरकार के प्रयासों की वजह से हिंसा की घटनाओं में 52% की कमी और मृत्यु की घटनाओं में 70% की कमी आई है।

## पहले चरण में ओटीएस से जुड़े 20 लाख उपभोक्ता, कोष में जमा हुए 2 हजार करोड़ रुपए

**लखनऊ**

बिजली उपभोक्ताओं को बकाये की राशि चुकाने के लिए योगी सरकार द्वारा शुरू की गई एकमुश्त समाधान योजना का 30 नवंबर को पहला चरण पूरा हो गया। पहले चरण में इस योजना का करीब 20 लाख लोगों ने लाभ उठाया। इसके माध्यम से सरकार ने भी करीब 2 हजार करोड़ रुपए के राजस्व की वसूली की है। अकेले 30 नवंबर को 58 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं ने योजना में पंजीकरण कराया तो वहीं इस दिन कुल मिलाकर 57 करोड़ से ज्यादा की धनराशि कोष में जमा हुई। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल की बकाया राशि के भुगतान में राहत देते हुए 8 नवंबर को एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की शुरूआत की थी। उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लेने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में अपना पंजीकरण कराया। योजना के तहत दो तरह के लोग इसका लाभ ले रहे हैं। एक ओटीएस नॉर्मल और दूसरा ओटीएस थेफ्ट (जिन पर बिजली चोरी का बकाया है)। यह योजना 8 नवंबर से 31 दिसंबर 2023 तक कुल 54 दिनों तक तीन खंडों में चलाई जा रही है। इस योजना का पहला चरण 8 से 30 नवंबर तक चला है, जबकि अब एक दिसंबर से 15 दिसंबर तक इसके दूसरे चरण की शुरूआत हो चुकी है। वहीं, तीसरा चरण 16 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलेगा।

## किसानों और उनके परिजनों को संबल दे रही मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना

**लखनऊ**

**उत्तर प्रदेश** में किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार उनके सुख-दुख में भी उनके साथ खड़ी है। किसी भी आपातकाल स्थिति में किसानों और उनके परिजनों को संबल देने के लिए योगी सरकार मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत किसान और उसके परिजनों को 5 लाख रुपए तक की सहायता उपलब्ध करायी जा रही है। इसी क्रम में योगी सरकार किसानों के परिजनों के साथ-साथ पट्टाधारकों और बटाईधारकों को भी योजना का लाभ दे रही है। प्रदेश के किसानों की दुर्घटना में मृत्यु/दिव्यांगता पर 5 लाख तक की सहायता जिलाधिकारी द्वारा तत्काल दी जा रही है।

# सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को रोकना बड़ा चैलेंज : सीएम योगी

### सीएम योगी ने 50 बस, 38 इंटरसेप्टर वाहन व 12 पब्लिसिटी वैन को दिखाई हरी झंडी, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के साथ पांच ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टिट्यूट के ऑटोमेशन व संचालन के लिए हुआ एमओयू



**लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को रोकना बड़ा चैलेंज है। अधिकांश दुर्घटनाएं ओवरस्पीडिंग के कारण होती हैं। ड्राइवर दक्ष या कुशल न हो, तब भी यह दुर्घटना होती हैं। सीएम ने चिंता जताते हुए एक-एक व्यक्ति की जान बचाने का आह्वान किया। उन्होंने सड़क सुरक्षा व जनजागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि कोरोना में दो वर्ष में 24 हजार से कम लोगों की मृत्यु हुई, जबकि सड़क दुर्घटना में प्रतिवर्ष यूपी में 20-22 हजार लोगों की मौत होती है। थोड़े प्रयास से अमूल्य जान बचाई जा सकती है। सीएम योगी ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर 50 बस, 38 इंटरसेप्टर वाहन व 12 पब्लिसिटी वैन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने 4100 इलेक्ट्रिक वाहन स्वामियों के खाते में अनुदान राशि का ऑनलाइन हस्तांतरण किया। यहां पर परिवहन विभाग व मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के साथ पांच ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टिट्यूट के ऑटोमेशन व संचालन के लिए एमओयू किया गया। वहीं सीएम के समक्ष महिला चालकों के प्रशिक्षण के लिए उप्र कौशल विकास मिशन व उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ भी समझौता ज्ञापन हुआ। सीएम ने यूपी की बेहतरीन ईवी पॉलिसी के बारे में भी बताया।

**कोरोना के समय अवर्णनीय है परिवहन विभाग की सेवा**

सीएम ने कहा कि परिवहन विभाग ट्रांसपोर्ट का प्रमुख माध्यम है। विभाग ने प्रयागराज कुंभ में बेहतरीन सेवा दी थी। पहली बार देश-दुनिया के श्रद्धालुओं को कुंभ का वास्तविक अर्थ पता लगा, जब संगम से एक किमी. से कम दूरी तक परिवहन विभाग उन्हें पहुंचा रहा था। कोरोना में भी उप्र के 40 लाख कामगार व 60 लाख अन्य प्रदेशों के कामगारों को गंतव्य तक पहुंचाने में परिवहन विभाग की सेवा अवर्णनीय है। सीएम ने कहा कि आज जिन बसों का शुभारंभ किया गया है। इसका उपयोग एनसीआर रीजन में किया जाएगा।

**अब हर क्षेत्र में महिलाएं कर रहीं काम**

सीएम ने महिला चालकों के प्रशिक्षण के लिए उप्र कौशल विकास मिशन व उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ हुए एमओयू की चर्चा करते हुए कहा कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को प्रशिक्षण देने का माध्यम बनेगा। स्वयंसेवी समूह की महिलाओं को इससे जुड़ने का अवसर मिलेगा। महिलाएं अब हर क्षेत्र में काम कर रही हैं। परिवहन निगम ने पिछले दिनों अयोध्या में कार्यक्रम का आगाज किया था।

## श्रमिकों के साथ योजनाओं में हेराफेरी का मामला.......

# शोषित श्रमिकों की शिकायतों का पक्ष विधायक, सासाद, ने लिया सज्ञान तो लेबर इंस्पेक्टर ने एक झटके में लिखा निराधार

## अब एमएलसी इलाहाबाद कौशांबी ने लिखी मुख्य मंत्री और श्रम मंत्री को चिट्ठी, अलग जांच टीम गठित की सिफारिश

**कोरांव, प्रयागराज।** श्रम विभाग प्रयागराज के बी ओ सी डब्लू में दो साल के अंदर सैकड़ों पंजीकृत श्रमिकों के साथ जो तत्कालीन लेबर इंस्पेक्टरों ने जो खेल खेला है और अभी भी बदस्तूर जारी है, इतना तक कि क्षेत्रीय विधायक, सांसद, और श्रम विभाग के बड़े अधिकारियों तक से की गई शिकायतों और पुनः जांच कार्यवाही की मांग को एक श्रम इंस्पेक्टर कथित जांच अधिकारी ने मिनटों में अपने विभागीय अफसरों को बचाने के लिए शिकायत का निस्तारण बड़ी बारीकी से करके वाहवाही लूट लिया, जो चर्चा का विषय बन गया है।

बता दें कि जिस मजदूरों गरीबों के सहारे जनप्रतिनिधि निर्वाचित हो कर सरकार बनाते हैं, उन्ही नेताओं को श्रम विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपनी नाकामी छिपा कर श्रमिकों की ही कमियां दिखा कर शिकायतों को दर किनार कर दे रहे हैं।

दर असल उक्त कार्यालय में कोरांव, मेजा, करछना, के सैकड़ों श्रमिकों की पुत्री विवाह अनुदान आदि योजनाओं को स्वार्थ पूर्ति न होने पर मनमाने ढंग से निरस्त कर लाभ से वंचित कर दिया गया था।

### आश्चर्य,, लेबर इंस्पेक्टर की शिकायत लेबर इंस्पेक्टर ही कर रहा जाच, दे रहा क्लीन चिट ?

बल्कि अपात्रों को सेटिंग सिस्टम से योजनाओं के लाभ पहुंचा दिए गए। इस निमित्त श्रमिक प्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय विधायक, एमएलसी, सांसद, आदि से शिकायतें की और श्रम मंत्री, मुख्य मंत्री तक उक्त जन प्रतिनिधियों ने पत्राचार किया और अन्य विभाग के अधिकारी या टीम गठित कर जांच करने दोषी श्रम इंस्पेक्टरों को दंडित किए जाने पात्रों को लाभ दिलाए जाने की सस्तुति की थी। किंतु जांच करने वाले श्रम इंस्पेक्टर ही लगाए गए जिन्होंने गलत करने वाले ईस्पेक्टर्स की कृत कार्यवाही जांच को विभागीय होने के नाते क्लीन चिट देते गए। किंतु भ्रष्ट अधिकारी अपने आकाओं को खुश करते गए। अब चुनाव सिर पर है नेताओं से श्रमिक और श्रमिक संगठन जवाब मांग रहे कि कैसे अधिकारी हैं कि तेज तर्रार मुख्य मंत्री के कार्यकाल में श्रम अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। चर्चा है कि

इस समय श्रम कार्यालय प्रयागराज में एक श्रम इंस्पेक्टर जिन्हे कोराव तहसील क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है उनका नाम बृजनंदन ओझा बताया जा रहा है। उन्होंने सारे श्रमिक और प्रतिनिधियों तथा सांसद, विधायक आदि की सिफारिशों को एक झटके में दिनांक 28/11/2023 में सभी शिकायतो को निस्तारण रिपोर्ट लगा कर शिकायतों की क्लीन चिट दे दिया। न किसी से जांच पड़ताल न पूंछ तांछ न किसी तरह की किसी विभाग ने जांच किया। उक्त श्रम निरीक्षक वर्तमान में भी ऐसे लोगों से संपर्क स्थापित कर के शिकायतों की जांच कर रहे हैं जिन दलाल लोगों ने उक्त शिकायतों में मनमानी कराई थी और अपात्रों को लाभ पहुंचवाया था। आज वही फिर सक्रिय हो गए हैं। जिसने दो साल या एक साल से आवेदन कर रखा है उनकी योजनाओं के आवेदन नहीं जांच कर रहे बल्कि जो अभी हाल में आवेदन किए गए सेटिंग सिस्टम से उनके आवेदन स्वीकृत होते जा रहे हैं।

इस संबंध में हिंद मजदूर सभा और मिस्किन सेवा सस्थान ट्रस्ट और कई श्रमिक सगठन पीड़ित उपेक्षित श्रमिकों के साथ क्षेत्रीय विधायक और सांसद से संपर्क कर मुख्य मंत्री लखनऊ से मिलेगा और दोषी ऐसे श्रम अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की माग करेगा। फिलहाल गत सप्ताह भाजपा एमएलसी प्रयागराज से श्रमिक लीडर्स मिले जिस पर उन्होंने सीधे मुख्य मंत्री और श्रम मंत्री लखनऊ से उक्त श्रम अफसरों की कार्य पद्धति को अवगत कराते हुए विशेष जांच टीम गठित कर गरीब श्रमिकों के साथ की गई गडबडियों की जांच कार्यवाही की चिट्ठी लिखी है। देखना है कि मुख्य मंत्री और श्रम मंत्री लखनऊ से ऐसे मिस गाइड करने वाले श्रम अफसरों की बेशर्मी के खिलाफ क्या कदम उठाते हैं। अन्यथा पूरा श्रमिक संगठन लोक सभा चुनाव में नेताओं को सही जवाब देगा।

# हाईवे पर पशु कारोबारी से ढाई लाख की टप्पेबाजी



### डीसीपी बोले टप्पेबाजी की है घटना

इस मामले में डीसीपी गंगापार अभिषेक भारती का कहना है कि घटना लूट की नहीं बल्कि टप्पेबाजी की है। पशु कारोबारी कार से जा रहा था, तभी मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों ने उसे रोक लिया। आरोप लगाया कि कारोबारी की कार से उन्हें टक्कर लगी। इसी दौरान कार में रखा ढाई लाख रुपये नगदी से भरा बैग उड़ा दिया गया। पिस्तौल सटाकर लूट का आरोप गलत है और कारोबारी की तहरीर में भी ऐसी कोई सूचना नहीं दी गई है।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सोरांव थाना क्षेत्र के बढ़ैया गांव के सामने हंडिया-कोखराज हाईवे पर पशु कारोबारी से ढाई लाख रुपये की टप्पेबाजी का मामला सामने आया है। आरोप है कि कार से बाइक में टक्कर लगने

### बाइक से कार टकराने के बाद किसी ने बैग उड़ाया

के बाद हुए विवाद के बीच किसी ने कार में रखा ढाई लाख रुपये से भरा बैग उड़ा दिया।

सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। मामले की छानबीन की जा रही है। उतरांव थाना क्षेत्र के जलालपुर कस्बा निवासी इश्तियाक अहमद पशु कारोबारी हैं। पुलिस के अनुसार भुक्तभोगी पशु कारोबारी शनिवार सुबह अपनी कार से कहीं जा रहे था। हंडिया-कोखराज हाईवे के सर्विस लेन पर जैसे ही वह सोरांव थाना क्षेत्र के बढ़ैया गांव के सामने पहुंचा था कि उसकी कार एक बाइक से टकरा गई। इसको लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि इसी दौरान किसी ने कार में रखा ढाई लाख रुपये से भरा बैग उड़ा दिया।

## महावीर कैलाश महाविद्यालय में परीक्षा के चौथे दिन पहुंची बैच, मचा हड़कंप

### मांडा क्षेत्र के महाविद्यालयो में सामूहिक नकल के साथ दो-तीन बोरी मोबाइल फोन पकड़ा गया

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा।** प्रो राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय की मंगलवार से शुरू हो गई है। वहीं मांडा क्षेत्र अंतर्गत कोरांव मुख्य मार्ग पर स्थित महावीर कैलाश महाविद्यालय कोसड़ा कला में शुक्रवार को परीक्षा के चौथे दिन बीएससी के छात्रों को सामूहिक नकल के साथ दो- तीन मोबाइल फोन उड़कादल( बैच ) ने रंगे हाथ पकड़ लिया।



और घंटों समय तक महावीर कैलाश महाविद्यालय में बैठी रही। ऐसे ही बाबू फतेह बहादुर सिंह डिग्री कालेज में बैच पहुंचने पर छात्रों को सामूहिक नकल की नजारा देख घंटों समय तक बैठी रही।

सूचना पर पास में स्थित पण्डित कृपा शंकर महाविद्यालय नहवाई में हड़कंप मचा रहा। महाविद्यालय के मान मनौव्वल पर मोबाइल फोन वापस कर लौट जाने के बाद महाविद्यालयो के प्रबन्धतन्त्र एवं अध्यापकों ने राहत की सांस ली।

बता दें कि पण्डित रामा नन्द महाविद्यालय व आरबीएस महाविद्यालय मेजा के छात्रों का परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। तथा महावीर कैलाश महाविद्यालय के छात्र छात्राओं की परीक्षा सेल्फ हैं। ऐसे ही बाबू फतेह बहादुर सिंह डिग्री कालेजों के छात्र छात्राओं की परीक्षा कराने के लिए विश्वविद्यालय ने हरी झंडी दे दिया हैं। वहीं प्रबन्धतन्त्र की मनमानी रवैए से उड़कादल नकमस्तक होकर लौट जाते हैं।

## बाइक की टक्कर से ट्राली चालक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अन्दावा सहसों मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक ने बैट्री चलित ट्रॉली में टक्कर मार दी जिससे ट्रॉली सड़क पर पलट गई और चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वही टक्कर के बाद भाग रहे बाइक सवार को लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौप दिया।

सरायइनायत के बरियारी गांव निवासी प्रदीप कुमार उम्र 48 पुत्र स्व. मनी लाल ट्रॉली चलता था। ट्राली चला कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। शनिवार सुबह पटेल नगर बाजार के पास से टेंट हाउस से टेंट का सामान लाद कर प्रदीप कुछ दूर सहसो मार्ग पर बढ़ा ही था की तभी सामने से आते बाइक सवार युवक ने ट्राली में जोरदार टक्कर मारी जिससे ट्राली पलट गई और प्रदीप की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और बाइक सवार को बाइक सहित लोगों ने पड़कर स्थानिक पुलिस को दे दिया मृतक प्रदीप कुमार के पांच बेटी व एक बेटा है।

## खाद की कमी से समितियों के चक्कर लगा रहे, किसान

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा।** विकास खण्ड मांडा के किसी भी साधन सहकारी समिति में डीएपी खाद नहीं है। क्षेत्र की सभी नहरें पानी विहीन हैं। डीएपी खाद के लिए समितियों के चेक महीनों से जिले में जमा हैं, लेकिन डीएपी नहीं आ रही है। इसी तरह आश्वासन के बाद भी सिंचाई अधिकारी मांडा की नहरों में पानी नहीं दे रहे हैं। अवर्षण से खरीफ की फसल तबाह होने के बाद अब रबी की खेती भी नष्ट होने के कगार पर होने से किसानों में काफी मायूसी है। साधन सहकारी समिति मांडा के सचिव ने जानकारी दी कि 25 टन डीएपी खाद का चेक बीस दिन से जिले में भेजा गया है, लेकिन इस सीजन में केवल चार सौ बोरी डीएपी चेक जमा होने के पहले आयी थी। एक दिन पहले दो सौ बोरी एनपीके खाद आयी थी, जो खत्म हो चुकी है। मांडा के अलावा कोसड़ाकला, महुआरीकला, हाटा, महेवॉं कला, दिघिया आदि किसी भी समिति में डीएपी उपलब्ध नहीं है।

# मऊआइमा में सड़क दुर्घना में एक की मौत चार घायल

### मऊआइमा ब्लाक चौराहे पर तीन वाहनों में भिड़ंत चालक की मौत एक ही परिवार के चार सदस्य घायल

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइम में शनिवार को सुबह डीसीएम, बोलोरो, मारूति में भिड़ंत हो गई। अयोध्या दर्शन करने जा रहे एक ही परिवार के चार सदस्य जख्मी हो गए जबकि चालक की मौके पर मौत हो गई। पुलिस पहुंच कर क्रेन की मदद से वाहनों को हटाया जिससे रास्ता साफ हुआ और लगे जाम को खत्म कराया। मृतक के शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा घायलों का उपचार शहर के निजि अस्पताल में कराया जा रहा है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के हाईवे प्रतापगढ़- प्रयागराज मार्ग पर शनिवार को सुबह ब्लाक चौराहे पर डीसीएम, बोलोरो और मारूति में भीषण भिड़ंत हो गई जिससे बोलोरो बीच चौराहे पर पलट गई।





तथा मारूति खाइ में गिर पडी।जिसमें बैठे चार लोगों को तोड कर निकाला गया जबकि चालक को मृत्यु हालत में निकाला गया। मारूति को खाइ से क्रेन की मदद से हटाया गया। बोलोरो सवार सभी सुरक्षित रहे जबकि मारूति जा कर खाइ में गिरी जिसमें अयोध्या दर्शन करने जा रहे फूलपुर के मोहल्ला लोचनगंज निवासी अनुप कुमार , उपाध्याय 45वर्ष और उनकी पत्नी प्रतिभा देवी, 40वर्ष पुत्र अनुभव,18वर्ष पुत्री अदिति20वर्ष बुरी तरह जख़्मी हो गए। घायलों का पहले उपचार निजी अस्पताल में कराया गया फिर प्रयागराज अस्पताल भेज दिया गया।जबकि मारूति चालक अनुभव कुमार यादव 50वर्ष ग्राम बौडई थाना फूलपुर की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मौके से डीसीएम, बोलोरो चालक फरार हो गए। पुलिस ने क्रेन की मदद से सभी वाहनों को सडक से हटवाया और बुरी तरह क्षति ग्रस्त मारूति को खायी से निकलवाया।

**ई रिक्शा को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा**

ग्रामीणों ने बताया कि कि शनिवार को सुबह डीसीएम बोलोरो मारूति के बीच टक्कर ई रिक्शा चालक को बचाने के लिए तीनों वाहन लड गए बोलोरो बीच सड़क पर पल्ट गयी जबकि डीसीएम टकरा कर फुटपाथ पर चला गया जबकि मारूति खायी में गिर गई।मौके पर भारी भीड़ एंव जाम से प्रतापगढ़ और प्रयागराज की ओर वाहनों की कतार लग गई। पुलिस मौके पर पहुंच कर क्रेन की मदद से हटाया और आवागमन चालू कराया।

# तहसील दिवस परफेक्ट टोल प्लाजा के खिलाफ पत्रकारों ने जिलाधिकारी को सौंपा शिकायती पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**जारी, प्रयागराज।** हर्रो टोलप्लाजा द्वारा क्षेत्रीय पत्रकारों एवम समाज सेवियों और किसानों के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार से परेशान होकर क्षेत्रीय पत्रकारों ने जिलाधिकारी को टोल प्लाजा के खिलाफ शिकायती पत्र सौंपा । जैसा कि हर्रो टोल प्लाजा का टेंडर रिद्धि सिद्धि कंपनी को दिया गया है रिद्धि सिद्धि कंपनी द्वारा का टेंडर बृजेश पांडे को दिया गया ज्ञात हो कि पिछले समय से टोल प्लाजा पर कोई बात विवाद नहीं था लेकिन बृजेश पाण्डेय के टोल लेने के उपरांत क्षेत्रीय पत्रकारों किसानों एवं समाजसेवियों का लगातार परेशान किया जा रहा है और उनके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है पत्रकारों ने जिलाधिकारी को बताया कि टोल के द्वारा हमारे प्राइवेट वाहनों के पास बनाए गए थे उन्हें बिना बताए ही अकारण उन्हें निरस्त कर दिया गया और टोल पास करते समय उन्हें रोक कर परेशान किया जाता है और कर्मचारियों द्वारा उनके साथ गाली गलौज भी किया जाता है




साथ ही टोल कर्मचारियों में कुछ अराजक तत्वों को रात में बुला लिया जाता है जो कि लोगों के साथ मारपीट गाली गलौज किया करते हैं और पत्रकारों ने एसीपी बारा पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि टोल की सारी गतिविधियां एसीपी बारा के संज्ञान में है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है और पत्रकारों द्वारा बताया गया कि टोल के द्वारा रात में सैकड़ो की संख्या में ओवर लोड ट्रके पास होती हैं जिसकी खबर पत्रकारों द्वारा प्रकाशित की गई जिससे बौखला कर टोल मैनेजर संतोष दुबे एवं तौल मलिक बृजेश पांडेय एवं उनके अन्य कर्मचारियों द्वारा पत्रकारों से दुर्व्यवहार किया जाने लगा पत्रकारों ने जिलाधिकारी से बताया कि उक्त समस्या का निस्तारण कराया जाए एवं जांच सक्षम अधिकारी द्वारा कराकर उचित कार्रवाई की जाए पत्रकारों द्वारा बताया गया कि टोलप्लाजा के कर्मचारियों द्वारा लोगों के साथ मारपीट की जाती है और गन्ने चौकी प्रभारी एवं अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा लोगों पर दबाव बनाया जाता है कि समझौता कर लीजिए अन्यथा आपके ऊपर भी मुकदमा दर्ज कर दिया जाएगा जिससे लोग डर के मारे कार्यवाही से पीछे हट जाते हैं । जिलाधिकारी नवनीत चहल ने उप जिलाधिकारी बारा को प्रकरण की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही और कहा कि ओवरलोड गाड़ियों का परिवहन तत्काल बंद कर कार्रवाई की जाए । तहसील दिवस पर टोल के खिलाफ शिकायती पत्र सपने में प्रमुख रूप से राजेंद्र सिंह उर्फ पिंटू ,विकास चंद्र शुक्ला ,विनय शुक्ला, दीपक कुमार ,दिवाकर त्रिपाठी ,शैलेश ,मोहम्मद अली भैयन आदि पत्रकार उपस्थित रहे ।


## आपराधिक केस में बरी तो आधार पर ग्रेच्युटी नहीं रोक सकते कि पुनरीक्षण अर्जी लंबित है

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि अपराध से बरी होने के आदेश के खिलाफ पुनरीक्षण अर्जी विचाराधीन होने के आधार पर ग्रेच्युटी या पेंशन का निर्धारण नहीं रोका जा सकता। मैनपुरी के याची को राहत देते हुए कोर्ट ने ब्याज सहित ग्रेच्युटी राशि तत्काल अवमुक्त करने और पेंशन तय कर अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि ऐसा करने में विफलता की दशा में पुलिस अधीक्षक मैनपुरी 14 दिसंबर को पेश हों।न्यायमूर्ति अजित कुमार ने कमाल अहमद खान की याचिका पर यह आदेश दिया है। याची के अधिवक्ता बीएन सिंह राठौर ने अदालत को बताया कि याची को भविष्य निधि और अवकाश नकदीकरण का भुगतान किया गया है, लेकिन ग्रेच्युटी राशि नहीं दी गई। अभी तक पेंशन भी निर्धारित नहीं की गई है। सिर्फ अंतरिम पेंशन दी जा रही है।याची अधिवक्ता का कहना है कि फाइनल रिपोर्ट कोर्ट ने निरस्त करते हुए कंप्लेंट केस दायर किया था। इस मामले में दो अगस्त 2023 को याची को बरी किया जा चुका है। इस आदेश के खिलाफ पुनरीक्षण अर्जी लंबित है। इस आधार पर ग्रेच्युटी नहीं रोकी जा सकती। याची पूरी पेंशन पाने का भी हकदार है।

# शुआट्स में बागवानी फसलों की संरक्षित खेती पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन



**अखंड भारत संदेश**

**नैनी, प्रयागराज।** सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स), प्रयागराज में हार्टीकल्चर विभाग, नैनी एग्रीकल्चरल इंस्टीट्यूट (एनएआई) द्वारा आयोजित बागवानी फसलों की संरक्षित खेती, कटाई के बाद की हैंडलिंग और डिजिटल कृषि पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हुआ। सम्मेलन में उत्पादन से लेकर उपभोग श्रृंखला प्रबंधन तक समग्र तरीके से किसानों के खेतों सहित विभिन्न वनस्पतियों की वैज्ञानिक जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों ने डिजिटल कृषि, कृषि उत्पादन में सुधार, अपशिष्ट को कम करने और खेती की समग्र दक्षता को बढ़ाने के लिए आधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकियों जैसे सटीक कृषि, बड़े डेटा एनालिटिक्स और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) के उपयोग की तकनीकियों को भी साझा किया जिससे ये प्रौद्योगिकियाँ किसानों को डेटा-संचालित निर्णय लेने और उनके संचालन को अनुकूलित करने में मदद कर सकें। विशेषज्ञों के अनुसार हिमालय की ठंडी रेगिस्तानी परिस्थितियों में सब्जियां और फूल उगाने के लिए पॉली ट्रेंच बेहद उपयोगी साबित हुई हैं। बरसात के मौसम में टमाटर, मिर्च, मीठी मिर्च, ककड़ी और अन्य सब्जियों की वायरस मुक्त खेती के लिए कीट प्रतिरोधी नेट हाउस का उपयोग किसानों की आय बढ़ाने में अत्यधिक मददगार साबित हो सकता है।

समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि निदेशक शोध डा. आलोक मिल्टन लाल एवं डा. विशाल नाथ पाण्डेय रहे जिन्होंने आयोजन कताओं को सफल आयोजन के लिये बधाई दी और अपने विचार साझा किया। निदेशक प्रसार डा. आरिफ ए ब्राडवे, संयुक्त कुलसचिव डा. सी जॉन वेस्ली, डीन डा. बिश्वरूप मेहरा, विभागाध्यक्ष डा. विजय बहादुर राजवाड़े, आयोजन सचिव डा. देवी सिंह ने भी सम्मेलन को सम्बोधित किया। श्रेष्ठ शोध पत्र प्रस्तुत करने एवं तकनीकी साझा करने के लिये विभिन्न वर्गों में विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन प्रार्थना से डा. विजय बहादुर राजवाड़े ने किया एवं अन्त में सभी ने मिलकर राष्ट्रगान गाया।

..............सम्पूर्ण समाधान दिवस-तहसील बारा.............

# जन-शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 179 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 08 शिकायतों को मौके पर ही किया गया निस्तारित

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में शनिवार को बारा तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने लोगों की शिकायतों को सुनते हुए राजस्व, पुलिस एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों को गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता को संतुष्ट भी होना चाहिए। जिलाधिकारी ने प्रार्थना पत्रों की समयबद्ध जांच, कार्रवाई एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया साथ ही अधिकारियों को चेतावनी दी कि निस्तारण में विलम्ब पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जन-शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्रार्थी मोहम्मद आरिफ पुत्र अब्बास अली निवासी शिवपुर तहसील जवा रीवां म0प्र0 के द्वारा शिकायत की गयी कि प्रार्थी के द्वारा मोटियान टोला, शंकरगढ़ तहसील बारा में क्रय की गयी रजिस्ट्रीकृत भूमि पर कुछ लोगो के द्वारा जबरन अवैध कब्जा करने तथा धमकी दिये जाने की शिकायत की गयी, जिसपर जिलाधिकारी ने एसडीएम बारा व एसीपी बारा को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए आख्या उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। प्रार्थी लालबहादुर पुत्र शोभालाल व छेदीलाल व शिवबहादुर पुत्रगण शोभा लाल निवासी ग्राम-दुबहा, परगना व तहसील बारा के द्वारा ओलावृष्टि की क्षतिपूर्ति मुआवजा की धनराशि गलत खाता नम्बर हो जाने के कारण हल्का लेखपाल के द्वारा शासन और प्रशासन को झूठी आख्या प्रस्तुत करने व प्रकरण की लीपापोती करने की शिकायत की गयी, जिसपर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को प्रकरण की जांच कर आख्या उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। विजय बहादुर पुत्र बृजभान सिंह निवासी ग्राम गाढ़ा कटरा, तहसील बारा के द्वारा थाना शंकरगढ़ में भारत पेट्रोलियम की भूमि पर अवैध सीलिका सैण्ड खनन के सम्बंध में शिकायत की गयी, जिसपर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन व एसडीएम बारा को मामले की जांच कर आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 179 शिकायतें आयीं, जिनमें राजस्व विभाग की 104, पुलिस विभाग की 21, विकास की 15 एवं अन्य विभागों की 39 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 08 शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। जिलाधिकारी ने शिकायतों के निस्तारण हेतु सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आज ही अपने विभागों से सम्बंधित शिकायती प्रार्थना पत्रों को प्राप्त करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बारा, तहसीलदार बारा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# संपूर्ण समाधान दिवस मेजा में 182 शिकायतें हुई दर्ज

## अधिवक्ताओं ने एसडीएम के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** शनिवार को मेजा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम जयजीत कौर मिश्रा व एसीपी विमल किशोर मिश्र की अध्यक्षता में कुल 182 शिकायतें मिलीं।इस दौरान अधिवक्ताओं ने एसडीएम के खिलाफ नारा लगाते हुए प्रदर्शन किया।

जिससे कुछ समय तक कार्य बाधित रहा।अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि एसडीएम जयजीत कौर मिश्रा धारा 76, 38, 80 और धारा 116 मामले में निर्णय नहीं ले पा रही हैं।इसके अलावा कई अन्य मामले को लेकर अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति जे. पी. सिंह के पास पहुंचे।एडीएम के एनटीपीसी चले जाने पर अधिवक्ता भड़क उठे।वहीं एसडीएम ने मामले को सामंजस्य के तहत कार्य करने की बात कही।इस दौरान विभिन्न विभागों से कुल 182 शिकायतें दर्ज हुई,जिसमें राजस्व से 84, पुलिस से 37,विकास से 26,समाज कल्याण से 10, शिक्षा से एक और अन्य से 23 मामले रहे।

एसडीएम द्वारा सभी मामलों में संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह में निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया।इस मौके पर प्रमुख रूप से नायब तहसीलदार अनुग्रह नारायण सिंह,राजेंद्र प्रसाद सिंह, बीडीओ उरुवा, एडीओ (समाज) मेजा सुशांतु पांडेय,पूर्ति निरीक्षक संजय विश्वकर्मा, सीडीपीओ मेजा रागिनी कौशिक सहित मेजा, मांडा व खीरी पुलिस तथा अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# नसबंदी हेतु जन जागरूकता के लिए सारथी वाहन रवाना

## सी एच सी मेजा अधीक्षक डा बबलू सोनकर ने दिखाई हरी झंडी



**अखंड भारत संदेश**

**मेजा, प्रयागराज।** के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से नसबंदी हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए सारथी वाहन रवाना किया गया। जिससे लोगों को जागरूक किया जा सके और नसबंदी हेतु प्रेरित किया जा सके। जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े को लेकर उक्त अभियान चलाया जा रहा है।बता दें कि जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 21 नवंबर से 4 दिसंबर के बीच पुरुष एवं महिला नसबंदी कराने हेतु जन को जागरूक करने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा में दो सारथी वाहन को रवाना किया गया। ये वाहन इन दौरान विभिन्न गांव में प्रचार प्रसार करेंगे एवं लोगों को नसबंदी कराने हेतु प्रेरित करेंगे। सारथी वाहन को प्रभारी अधीक्षक डॉ बबलू सोनकर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डाक्टर एवं नर्स मौजूद रहे।

# पार्टी के शीर्ष लोगों ने भरोसा जताया तो निश्चित ही यमुनापार में विकास को गति दूंगा: डा. ओझा

## बुंदेलखंड से जुड़े यमुनापार में स्वास्थ्य शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं अपेक्षा के अनुरूप नहीं

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** प्रयागरज धार्मिक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल का केंद्र है कई चर्चित चेहरे यहां से देश को दिशा दे चुके हैं बुंदेलखंड से जुड़े होने के कारण इस क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा के अलावा अन्य बुनियादी सुविधाएं अपेक्षा के अनुरूप नहीं है यदि पार्टी के बड़े नेताओं ने मेरे ऊपर विश्वास जताया तो निश्चित ही यमुना पार में विकास को गति दूंगा। उक्त उदगार भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य एवं प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ एल एस ओझा शनिवार को एक भेंट वार्ता के दौरान व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि इलाहाबाद लोक सभा सीट के दावेदार डा ओझा ने कहा कि एक डाक्टर होने के नाते लोगों की सेवा करता रहा हूं किन्तु राजनीति के रास्ते पर चलने से लोगों की सेवा का दायरा और बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि पेशे की व्यस्तता की वजह से इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण इलाके की जनता से अपेक्षा के अनुरूप मुलाकात जरूर कम हो रही है किन्तु चर्चित डाक्टर होने के कारण लोग उनके काफी मुरीद हो रहे हैं। गौरतलब है कि मिशन 2024 के दावेदार डा ओझा क्षेत्र में किसी से पीछे नहीं हैं उनकी सक्रियता और पार्टी से जुड़े कार्यक्रमों मेंभागीदारी की वजह से वह इन दिनों काफी चर्चा में रहने वाले डा ओझा ने आगे कहा कि प्रयागराज आध्यात्मिक धार्मिक सांस्कृतिक राजनैतिक स्थल का केंद्र है कई दिग्गज नेता यहां से देश को दिशा दे चुके हैं। जनपद की भौगोलिक स्थिति देखा जाय तो यमुनापार पहाड़ी क्षेत्र है और बुंदेलखंड से जुड़ा है लेकिन इस क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा के अलावा अन्य बुनियादी सुविधाएं अपेक्षा के अनुरूप नहीं हैं। उनका मानना है कि ऐसे में यदि पार्टी के शीर्ष लोगों ने मेरे ऊपर भरोसा जताते हुए आगामी चुनाव में मौका दिया तो निश्चित ही यमुनापार क्षेत्र में विकास को गति देने का काम प्रमुंखता से करूंगा।

# तीन दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज परिसर में तीन दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा कुल 460 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 800 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक निदेशक, सेवायोजन श्री रत्नाकर अस्थाना द्वारा की गयी एवं अपने उद्बोधन में सहायक निदेशक, सेवायोजन द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को सफल होने तथा जो अभ्यर्थी सफल नहीं हो पाये उन्हें आगामी दिनांक 06.12.2023 को राजा कमलाकर डिग्री कालेज, शंकरगढ़, प्रयागराज में आयोजित रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु कहा गया। इस कार्यक्रम में कार्यालय के जिला सेवायोजन अधिकारी चन्द्रकान्त सिंह, मेला अधिकारी प्रशांत, गुलाब चन्द्र मौर्य तथा मेला प्रभारी मारूफ अहमद व कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। मेले में कैरियर काउंसलिग का कार्य विश्वमोहन द्विवेदी, अनु0 द्वारा किया गया।

# 61वां नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस 06 दिसम्बर को

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उपनियंत्रक, नागरिक सुरक्षा नरेन्द्र शर्मा ने बताया है कि 61वां नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस दिनांक 06.12.2023 को हर्षोल्लास के साथ कार्यालय नागरिक सुरक्षा नियंत्रण केन्द्र, कटरा प्रयागराज पर मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रातः 10: 00 बजे ध्वजातोलन, नागरिक सुरक्षा का शपथ ग्रहण, संदेश वाचन, मतदाता जागरूकता रैली आदि कार्यक्रम तथा समस्त नागरिक सुरक्षा प्रखण्डों के द्वारा अपने प्रखण्डों में साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

# शंकरगढ़ डिग्री कालेज में 6 दिसंबर को लगेगा रोजगार मेला

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** राजा कमलाकर डिग्री कालेज, शंकरगढ़ में रोजगार मेले का आयोजन छह दिसंबर को किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहायक निदेशक ने बताया कि कार्यालय के द्वारा राजा कमलाकर डिग्री कालेज में छह दिसंबर को सुबह दस बजे से मंडल स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले का उद्घाटन महापौर गणेश केसरवानी करेंगे। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों की निजी इकाइयां भाग ले रही हैं। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले 600 बेरोजगारों का चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा पास अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। विस्तृत जानकारी सेवा योजन पोर्टल पर उपलब्ध है।

# तीन गांव के सरहद पर युवती का चेहरा कूंचकर हत्या

## घर की खुशियां मातम में बदली, युवती की आज होनी थी शादी

**अखंड भारत संदेश**





**झूंसी /हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र में तीन गांवों के सरहद पर चौबे तालाब के पास एक युवती की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवती की हत्या की खबर से पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। तीन थानों की फोर्स लेकर एसीपी थरवई व हंडिया घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु एसआरएन भेज दिया। डीसीपी गंगानगर भी मौके पर पहुंचकर लोगों से पूछताछ की।

दलापुर के मुसहां मजरा निवासी रामचंद्र बिंद की बेटी रीना (19) के बांये तरफ चेहरे व सिर पर किसी वजनी धारदार हथियार से वार कर उसकी हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह शौच करने गए ग्रामीणों ने दलापुर, बरईपुर व रमईपुर गांव के बार्डर पर सूनसान जगह तालाब के पास पेड़ के नीचे रीना का शव देखा तो परिजनों को इसकी सूचना दी। खबर मिलते ही परिजन रोते बिलखते शव के पास पहुंचे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। हत्या की खबर पर एसीपी थरवई जंग बहादुर यादव व एसीपी हंडिया सुधीर सिंह सरायइनायत, थरवई तथा हंडिया की पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पहुंचे। हत्यारे का सुराग पता करने के लिए मौके पर डाग स्क्वायड व फारेंसिक टीम भी बुलाई गई। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु स्वरुपरानी अस्पताल भेज दिया। मौके पर पहुंचे डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने हत्या खुलासा के लिए पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए है। परिजनों के मुताबिक रविवार को उतरांव थाना के सौंरा जलालपुर गांव से रीना की बारात आनी थी। घर में शादी की तैयारी चल रही थी। शुक्रवार रात 11 बजे रीना परिजनों के साथ खाना खाकर सोने चली गई थी। रीना पांच बहन भाइयों में छोटी थी। भाई धरमचंद और करमचंद तथा बड़ी बहन बीना की शादी हो चुकी है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। रीना घर से चार सौ मीटर दूर आधी रात चौबे तालाब के पास कब और कैसे पहुंची यह रहस्य बना हुआ है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

## बड़ी बहन ने पति पर ही हत्या का लगाया आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**हनुमानगंज।** रीना की बड़ी बहन बीना की शादी हंडिया के भुई बनकट गांव में ताराचंद के साथ हुई है। वह सूरत में किसी धागा बनाने वाली कंपनी में काम करता है। बीना ने रो-रो कर रीना की हत्या का आरोप अपने पति पर लगा रही थी।

बीना का कहना था उसके पति से रीना का अवैध संबंध था। वह रीना से शादी करने के लिए उस पर दबाव बनाता तथा धमकी देता था। इसी बात को लेकर बीना की पति से कई बार लड़ाई भी हो चुकी है। बीना ने बताया उसका पति एक हफ्ते पहले गांव आया है। रीना के पास मोबाइल नही था किंतु रात में वह पिता की मोबाइल अपने पास रखती थी। रीना की हत्या से सभी स्तब्ध है। रीना के मां की मौत बारह साल पहले हो गई थी। पिता रामचंद ओझाई तथा भाई मजदूरी करके रीना का हाथ पीला करने का सपना पाले थे। इस घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गई और घर में सन्नाटा पसर गया।

# नगर आयुक्त ने किया मुटठीगंज क्षेत्र का निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शनिवार को नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा जोन 2 गऊघाट क्षेत्र के अन्तर्गत मुटठीगंज क्षेत्र की समपूर्ण गलियों का पैदल निरीक्षण किया गया, इस दौरान क्षेत्रीय पार्शद नीरज गुप्ता, जोनल अधिकारी सुर्दषन चन्द्रा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्रीमती पूजा सिंह, सफाई नायक आदि उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त द्वारा मुटठीगंज क्षेत्र की सम्पूर्ण गलियों का निरीक्षण पैदल किया गया। निरीक्षण के दौरान ज्ञात हुआ कि सम्पूर्ण मुटठीगंज क्षेत्र में डी0टी0डी0सी0 कार्य तो होता है लेकिन कोई भी दुकानदार इनको कूडा नही देता, साथ ही दुकानदारों द्वारा साफई के उपरान्त भी कूडा आदि को नालियों में फेक देते है जिसके कारण कई नालियों में कूडा कचरा, प्लास्टिक, तथा षिल्ट आदि भरी हुई पायी गयी। इस हेतु नगर आयुक्त द्वारा सफाई नायक तथा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को कड़ी फटकार लगायी गयी। जिसको लेकर नगर आयुक्त द्वारा जोनल अधिकारी तथा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देषित किया गया कि सम्बन्धित दुकानदारों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए नियमित रूप से डी0टी0डी0सी0 के लिए जागरूकता अभियान चलाये जाने के निर्देष दिये गये। इसी के साथ ही नगर आयुक्त द्वारा सभी कर्मचारियों का मास्टर रोल भी चेक करते हुए साफ-साफई के निर्देष दिये गये। मुटठीगंज क्षेत्र में कई दुकानदारों द्वारा अपने-अपने दुकानों को बढ़ा कर सामने ही अतिक्रमण किया गया पाया गया जिसके लिए नगर आयुक्त द्वारा प्रभारी अधिकारी अतिक्रमण एवं अपर नगर आयुक्त को निर्देषित किया गया कि अभियान चलाकर क्षे.त्र को अतिक्रमण मुक्त किया जाय।

## डीसीपी ने लालापुर थाने का किया निरीक्षण

**लालापुर।** डीसीपी यमुनानगर अभिनव त्यागी ने मसुरियन धाम मेले का निरीक्षण करने के बाद लालापुर थाने का भी निरीक्षण किया । डीसीपी ने थाने के कार्यालय में जाकर अभिलेखों की जांच पड़ताल करते हुए रखरखाव को भी देखा । साथ ही थाने के आवास परिसरों व बैरकों को देख मेस की भी व्यवस्था देखी । लंबित मुकदमों को जल्द से से जल्द निस्तारित करने का सख्त निर्देश दिया

## दिव्यांग बच्चों के माता-पिता को दिया गया परामर्श

**हनुमानगंज।** बीआरसी बहादुरपुर प्रांगण में दिव्यांग बच्चों के शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार हेतु उनके अभिभावकों को परामर्श दिया गया। खंड शिक्षाधिकारी नीलम शाक्यवार ने दिव्यांगजनों के माता पिता से ऐसे बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए स्कूल तक भेजने में पूरी जिम्मेदारी निभाने की बात कही है। बीईओ ने बताया आंशिक कमी वाले अंगों को किस प्रकार से और अधिक सक्रिय किया जा सकता है। इस दौरान समेकित शिक्षक उर्मिला मिश्रा, शुभ्रा श्रीवास्तव, उमा गुप्ता मौजूद रही। कार्यक्रम में कुल 45 अभिभावक अपने बच्चों के साथ उपस्थित रहे।

# बमबाज गुड्डू मुस्लिम और शूटर साबिर का मकान कुर्क, मुनादी कराकर पुलिस ने की कार्रवाई



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड में पांच लाख के इनामी बमबाज गुड्डू मुस्लिम व शूटर साबिर का घर शनिवार को कुर्क कर दिया गया। नौ महीने से फरार चल रहे गुड्डू के चकनिरातुल, जबकि साबिर के मरियाडीह गांव स्थित घर को मुनादी कराने के बाद कुर्क किया गया। अब जल्द हत्याकांड में फरार चल रही शाइस्ता परवीन समेत चार अन्य आरोपियों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।एसीपी धूमनगंज वरुण कुमार दोपहर 3:30 बजे के करीब धूमनगंज व खुल्दाबाद थाने की फोर्स लेकर गुड्डू मुस्लिम के घर के बाहर पहुंचे। इस मकान को पीडीए अवैध निर्माण के रूप में चिह्नित करते हुए पहले ही सीज कर चुका है। यहां पहुंचने के बाद पुलिस ने पहले मुनादी कराई। इसके बाद मकान को कुर्क कर दिया गया। मुनादी के दौरान घोषणा कराई गई कि गुड्डू मुस्लिम हत्या के मामले में फरार चल रहा है।न्यायालय के आदेश के बावजूद वह हाजिर नहीं हुआ, ऐसे में उसका घर कुर्क किया जाता है। चकनिरातुल में कार्रवाई के बाद पुलिस शूटर साबिर के पूरामुफ्ती में मरियाडीह गांव स्थित घर पहुंची। इसके बाद मुनादी कराकर इस मकान को भी कुर्क किया गया।

## शाइस्ता समेत चार अन्य के खिलाफ कार्रवाई जल्द....

गुड्डू मुस्लिम व साबिर के अलावा उमेश पाल हत्याकांड में फरार चार अन्य आरोपियों पर भी कुर्की की कार्रवाई का आदेश जारी हुआ है। इनमें शाइस्ता परवीन, अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा उर्फ रूबी, अतीक अहमद की बहन आयशा नूरी के अलावा पांच लाख का ही एक अन्य इनामी शूटर अरमान शामिल है। डीसीपी दीपक भूकर ने बताया कि जल्द अन्य आरोपियों के खिलाफ भी कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

# पूरी दुनिया में अशोक सिंघल ने राम के नाम का अलख जगाया: उप मुख्यमंत्री

## बिरसिंहपुर गांव पहुंचकर अशोक सिंघल की प्रतिमा का उप मुख्यमंत्री ने किया अनावरण

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** हिंदू हृदय सम्राट स्वर्गीय अशोक सिंघल की प्रतिमा का अनावरण करने जेठवारा क्षेत्र के बिरसिंहपुर गांव पहुंचे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय अशोक सिंघल विश्व हिंदू परिषद के मुखिया के रूप में पूरी दुनिया में हिंदुत्व और राम के नाम का अलख जगाया।

उन्होंने कहा कि अशोक सिंघल की प्रतिमा का अनावरण प्रतापगढ़ में हो रहा है यह हम सब के लिए गौरव की बात है और यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। जेठवारा थाना क्षेत्र के पूरे बसावन बिरसिंहपुर गांव में कैप्टन बालकृष्ण पांडे के सुपुत्र कृष्ण कुमार पांडे के द्वारा अपने गांव में स्थापित स्वर्गीय अशोक सिंघल की प्रतिमा का अनावरण आज उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के हाथों संपन्न हुआ। के के पांडे विश्व हिंदू परिषद संगठन में केशव प्रसाद मौर्य के साथ प्रचारक के रूप में कार्य करते थे और वह केशव प्रसाद मौर्य को अपना गुरु भाई मानते हैं। के के पांडे वर्तमान में अमेरिका के कैलिफोर्निया शहर में रहकर संगठन के प्रचार प्रसार का काम करते हैं। निर्धारित समय से पांच घंटे विलंब से उपमुख्यमंत्री का उड़न खटोला बिरसिंहपुर गांव पहुंचा तो देखने वालों की भारी भीड़ ने उनका जोरदार स्वागत किया। प्रतिमा का अनावरण करने के पश्चात उपमुख्यमंत्री सीधे मंच पर पहुंचे और संक्षिप्त औपचारिकता के बाद उन्होंने गांव के आवास वह शौचालय के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाबी सौंपा। इस मौके पर सांसद संगम लाल गुप्ता, पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह, सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, पूर्व विधायक धीरज ओझा, नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष आशीष ओझा, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश पाण्डेय व हरिओम मिश्रा, भारतीय जनता महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रुचि केसरवानी, सारिका श्रीवास्तव, अंजू पाण्डेय, मीना सिंह, विंदेश्वरी तिवारी, समाज शेखर, शक्ति कुमार पांडेय, कृष्ण कुमार पांडेय, कुंदन सिंह, कौशलेंद्र पटेल, श्याम सुंदर हौसला ओझा, उमेश द्विवेदी, सिंधुजा मिश्रा, भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ला, सीडीओ व अपर पुलिस अधीक्षक सहित भाजपा संगठन के लोग और बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।



जनसभा को सम्बोधित करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य



पंचशील ध्वज दिखाकर लोगों को रवाना करते अतिथिगण

# विश्व शांति हेतु धम्मयात्रा बोधिगया रवाना

## पंचशील ध्वज दिखाकर मंगलमय यात्रा की कामना की गई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विश्व शान्ति हेतु बोधिगया में आयोजित 18वें अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक संगायन में शामिल होने के जनपद के समन्वय सेवा संघ के उपासकों व उपासिकाओं का संघ बोधिगया के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर प्रख्यात धम्म चिन्तक एवं विचारक उनका डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने शांति का प्रतीक धम्म ध्वज दिखाते हुए सुखद-सुरक्षित यात्रा की मंगलकामनाएं की।

उन्होंने कहा कि हिंसाग्रस्त तथा संघर्षरत विश्व की रक्षा बुद्ध के विचारों के अनुपालन से ही होगी। समाजसेवी रोशनलाल ऊमरवैश्य ने कहा कि बुद्ध ने विश्व कल्याण के लिए सब कुछ त्याग दिया।विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य, अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा एवं जनपद के प्रबुद्धजनों ने धम्म दल को अपनी मंगलकामनाओं के साथ विदाई दी। इस मौके पर धम्म नायक राकेश कनौजिया, बहन लीलावती, गया प्रसाद स्वावलंबी, वेद प्रकाश, मनीष रंजन, आचार्य उमेश चन्द्र, दिनेश कुमार, आर.बी. मौर्य, राजीव अनीता, राहुल, शमीर्ला देव विजय शंकर, डॉ. विजय सरोज, एस. पी. लोहिया, आचार्य रमेश, अवधेश, उज्ज्वल, विशाल व अभय प्रजापति उपस्थित थे।

## डीएम से पोलिंग बूथ दूर होने की हुई शिकायत

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** चुनाव के दौरान पोलिंग बूथ गांव से तीन किलोमीटर दूर होने की शिकायत करते हुए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र लिखा है। जहां एक तरफ लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए राजनीतिक दल तथा निर्वाचन आयोग कमर कस रहा है वहीं दूसरी तरफ रमईपुर नेवादा गांव में ग्रामीणों को तीन किलोमीटर दूर वोट डालने के लिए जाना पड़ता है। रमईपुर गांव के रहने वाले समाजसेवी संजय यादव ने जिलाधिकारी प्रतापगढ़ को शिकायती पत्र देकर इस संबंध में अवगत कराया की गांव से तीन किलोमीटर दूर नेवादा में ग्रामीणों को वोट डालने के लिए जाना पड़ता है। विकलांग वृद्ध, तथा महिलाएं वोट नहीं डाल पाते हैं, जिससे चुनाव प्रभावित होता है। इस संबंध में उन्होंने गांव के ही रमईपुर नेवादा में स्थित प्राथमिक विद्यालय पर पोलिंग बूथ बनाने के लिए निवेदन किया है।

# सपा की मासिक बैठक में वोटर लिस्ट संशोधन पर हुई चर्चा



सपा की बैठक में बोलते पदाधिकारी।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर मासिक बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में मुख्य एजेंडा निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर लिस्ट में नाम सम्मिलित एवं संशोधित किये जाने पर चर्चा हुई तथा सभी पदाधिकारी एवं विधानसभा अध्यक्षों को अपने अपने विधानसभा में सेक्टर व बूथ प्रभारी के माध्यम से वोटर लिस्ट चेक करते हुए कटे हुए व नये नामों को वोटर लिस्ट में नाम सम्मिलित करवाने के लिए सूचित करें। तथा बैठक में ब्लाक एवं नगर अध्यक्षों की घोषणा करते हुए नियुक्ति पत्र भी सौंपा गया। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय व संचालन जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जावेद अख्तर, डा.शेरबहादुर यादव, सफात अहमद, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, आरके भीम, डा.रामबहादुर पटेल, अहमद अली, रामधन यादव, उमंग यादव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनीष पाल, कामता पटेल, विजय मौर्या, प्रेमचंद्र बिंद, गोविन्द बिंद सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

# विज्ञान प्रदर्शनियों से वैज्ञानिक एवं रचनात्मक विचारों को मिलता है प्लेटफार्म: डीएम

## सेंट एंथोनी इंटर कालेज में हुई विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में जनपद स्तरीय एक दिवसीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता और प्रदर्शनी शहर के सेंट एंथोनी इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी संजीव रंजन रहे। आयोजन के रूप में सरदार सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ एवं उप शिक्षा निदेशक रहे। कार्यक्रम संयोजक के रूप में डॉक्टर विंध्याचल सिंह एवं डॉ मोहम्मद अनीस रहे।

इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों की 345 आकर्षक एवं नवीन वैज्ञानिक विचारों के मॉडलों के साथ छात्र छात्राएं ने प्रतिभा किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई और राज्य स्तर के लिए चयनित विद्यालय के दो बाल वैज्ञानिक मोहम्मद फहद अनीस और कार्तिक के पाल को पुरुस्कृत एवं सम्मानित किया। कार्यक्रम की प्रारंभ में जिलाधिकारी का स्वागत बुके एवं मोमेंट के माध्यम से विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद कुमार जान एवं जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस तरह की विज्ञान प्रदर्शनियों से छात्राओं को अपनी वैज्ञानिक एवं रचनात्मक विचारों एवं सोच को एक प्लेटफार्म मिलता है और उसे प्रदर्शित करने का मौका मिलता है। यही बाल वैज्ञानिक छात्र-छात्रा भविष्य के प्रसिद्ध वैज्ञानिक बनेंगे। इस अवसर पर डॉक्टर स्निग्धा पांडे, शिशिर श्रीवास्तव, धर्मेंद्र कुमार ओझा, जान कुजूर, राजेश कुमार पाल, प्रसनजीत, ममता मिश्रा, सुनील कुमार पांडे, आराधना, क्रिस्टीना, पूनम, अंजू, सीमा तबस्सुम, सुधीर कुमार सिंह, मधुबाला पांडे एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



सेंट एंथोनी इंटर कालेज में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीएम संजीव रंजन।

## मीटर खराब होने की जानकारी देकर लगा रहे चूना

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर के साथ ग्रामीणांचल के उपभोक्ता मीटर खराब होने की सूचना निगम को देकर चूना लगा रहे हैं। इसका खुलासा ओटीएस योजना शुरू होने के बाद हुआ। अब निगम की ओर से इसकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। ऐसे दो दर्जन उपभोक्ता पट्टी नगर में चिन्ह्ति किए गए हैं। ऐसे उपभोक्ताओं ने मीटर खराब होने की जानकारी देने के साथ ही आजतक बिल जमा नहीं किया है। पट्टी विद्युत उपकेंद्र से पट्टी नगर पंचायत क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति होती है। सूत्रों की मानें तो नगर के उपभोक्ताओं ने मीटर खराब होने व मीटर रीडिंग ज्यादा आने की सूचना निगम को दी। सूचना के बाद निगम ने मीटर को बदलवा दिया। मीटर बदलने के दो माह बाद उक्त उपभोक्ताओं ने फिर से मीटर खराब होने सूचना दी। सूत्रों की मानें तो ऐसे दो दर्जन उपभोक्ता ऐसे हैं जो लगातार मीटर खराब होने की जानकारी देने के साथ ही बिल जमा नहीं कर रहे हैं। ओटीएस योजना शुरू होते ही मामला फिर से चर्चा में आ गया। निगम ने ऐसे दो दर्जन उपभोक्ताओं को चिन्ह्ति किया है जिन्होंने एक वर्ष पहले मीटर खराब होने की सूचना दी थी। इसके बाद दो-तीन माह के अंदर मीटर बदलने जाने के बाद भी मीटर खराब होने की सूचना दी गई। ऐसे उपभोक्ता निगम के लिए सर दर्द बने हुए हैं। इस मामले की शिकायत उपखंड अधिकारी एसबी प्रसाद ने उच्चाधिकारियों से भी की है। अवर अभियंता जय राज राजपूत ने बताया कि इसमें कुछ कर्मचारियों की भी संलिप्तता है। उसका भी पूरा लेखा जोखा तैयार किया जा रहा है। एसबी प्रसाद, उपखंड अधिकारी विद्युत, पट्टी का कहना है कि दो दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं को चिन्ह्ति किया गया है। जल्द ही सभी मीटरों की एमआरआई होगी। उपभोक्ताओं से बिल वसूला जाएगा।

# मां भवानी द्वार मिश्रपुर के उपभोक्ता शिविर में 3.10 लाख की हुई वसूली

## 30-35 उपभोक्ताओं ने कराया ओटीएस मे रजिस्ट्रेशन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** बिजली उपभोक्ताओ को बिजली का बकाया धनराशि एक मुश्त या किश्तो मे जमा करने के लिए केंद्र की भाजपा व प्रदेश की योगी सरकार ने 8 नवंबर 23 से एक मुश्त समाधान योजना लागू किया जो 30 नवंबर 23 तक चलेगा बिजली की बकाया धनराशि दिसम्बर तक जमा करने की राहत दिया जिससे उपभोक्ता का बिजली बकाया का भार कम हो सके।

एसडीओ संग्रामगढ़ अनिल कुमार यादव व जेई राजेश मौर्य व नोडल अधिकारी नरेंद्र कुमार अनुप कुमार यादव व ग्राम प्रधान मिश्रपुर राकेश सरोज प्रतिनिधि मनोज कुमार उर्फ. गुड्डू ओझा अपने लाइन मैन अवधेश कुमार के साथ शनिवार को सग्रामगढ़ फीडर क्षेत्र इस मां भवानी द्वार मिश्रपुर मे एक मुश्त समाधान योजना के तहत शिविर लगाया जिसमे लगभग 30-35 उपभोक्ताओं ने ओटीएस मे एक मुश्त समाधान योजना का लाभ उठाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। शिविर मे उपभोक्ताओ के दस बिलो का सुधार किया गया जिसमे छोटे छोटे रकम के बकाया बिल की रकम जमा किया जिसमे लगभग 3 लाख 10 हजार रुपये की वसूली हुई। बिजली विभाग के इस शिविर से जंहा उपभोक्ताओं का बिजली बिल का भार कम हुआ वही सरकार की एक मुश्त समाधान योजना की उपभोक्ताओं ने सराहना करते हुये खुशी जताई। एसडीओ अनिल यादव ने बताया कि सरकार कि एक मुश्त समाधान योजना बकाये दारो के लिए लाभ दायक साबित हो रही है कुछ लोग एक मुश्त तो कुछ लोग किस्तों मे बकाया धनराशि जमा करने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। सरकार की यह योजना से बिजली विभाग का अच्छा खासा पैसा जमा हो रहा है जो जमा नही हो पा रहा था लोग योजना का लाभ पाने के लिए शिविर मे लाइन लगाकर रजिस्ट्रेशन करा रहे है।



बिजली विभाग के शिविर मे एसडीओ के साथ जेई व उपभोक्तागण।

# पति समेत छह ससुरालीजनों के खिलाफ विवाहिता ने दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दो लाख रुपए नकदी व जेवरात के रूप में दहेज की मांग पूरी न होने पर पति समेत छः के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

लालगंज कोतवाली के प्रतापरूद्रपुर निवासी अन्नू गौतम पुत्री राम महेश ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही महेशगंज थाना क्षेत्र के परियांवा निवासी पति दीपक गौतम समेत ससुरालीजन दहेज के रूप में दो लाख रुपए नकद व सोने की चेन, फ्रिज आदि सामानों की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। आरोप है कि पति दीपक गौतम पुत्र राम सुन्दर, सम्पत देवी पत्नी राम सुंदर, ओमप्रकाश पुत्र रामसुंदर, ओमप्रकाश की पत्नी लक्ष्मी, राधेश्याम की पत्नी सीता, अरूण की पत्नी संगीता निवासी परियांवा थाना महेशगंज आये दिन दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते हैं। विवाहिता की शिकायत पर शनिवार को पति दीपक गौतम समेत छः आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट व जानलेवा धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# समस्याओं को लेकर समाधान दिवस में बिफरे वकील, सीआरओ से हुई नोंकझोंक

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में समस्याओं के निस्तारण में अफसरों पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए वकीलों ने जमकर हंगामा किया। समाधान दिवस में सीआरओ की एक टिप्पणी को लेकर वकीलों का गुस्सा बढ़ गया।

संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश तथा बार एसोशिएसन के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल से सीआरओ की नोंकझोंक हुई देखी गयी। अधिवक्ताओं का कहना था कि समाधान दिवस पर जनता की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया जाता है परन्तु अफसर उस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ज्ञापन में वकीलों ने परिसर में महीनों से खराब पड़े वॉटर एटीएम की बदहाली का मामला उठाया। वहीं लालगंज बाजार से राजेन्द्र नगर से संगम चैराहा तक छोटी नहर पर सिंचाई विभाग की बनाई जा रही सड़क की गुणवत्ता न होने पर जमकर आक्रोश जताया। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन में फसल बुआई के समय किसानों को खाद न मिलने को लेकर भी अफसरों से नाराजगी जतायी। वहीं लालगंज नेशनल हाइवे की बाजार तथा सांगीपुर बाजार में अतिक्रमण एवं जाम की समस्या को लेकर भी अधिवक्ताओं ने प्रशासन पर निष्क्रियता का आरोप मढ़ा। इस बीच मामला बढ़ता देख सीआरओ राकेश कुमार ने सफाई देते हुए वकीलों को विभागवार समस्याओं के निस्तारण का भरोसा दिलाते हुए माहौल को शांत कराया। इसके पहले तहसील परिसर में अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह तथा महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल की अगुवाई में वकीलो ने समस्याओं के निस्तारण न होने को लेकर जमकर नारेबाजी भी की। वकीलों की नारेबाजी तथा समाधान दिवस में गरमागर्मी देख लोग अफरातफरी के बीच देखे गये। अफसरों से नोंकझोंक के दौरान मामले को बिगड़ता देख समाधान दिवस में मौजूद थानेदार भी अफसरों के पीछे जमा हो गये। ज्ञापनदाताओं में पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, संतोष पाण्डेय, कमाल अहमद, शैलेन्द्र सिंह, विपिन शुक्ल, विनय शुक्ल, सुशील शुक्ल, टीपी यादव, आशीष तिवारी, सुमित त्रिपाठी, प्रमोद सिंह, सुजीत त्रिपाठी आदि अधिवक्ता रहे।

## अलग-अलग हादसों में पिकप चालक व महिला की गयी जान, परिजनों में कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली व जेठवारा इलाके में अलग अलग हुए हादसों में पिकप चालक व धान की कुटाई करा रही महिला की मौत हो गयी। कानुपर जिले के महराजगंज थाना क्षेत्र के किसनगढ़ गांव निवासी बाइस वर्षीय सर्वेश निषाद पुत्र चंद्रपाल अपने चचेरे भाई सागर निषाद पुत्र कमलेश निषाद के साथ पिकप पर भाड़े का सामान लादकर डेरवा आ रहा था। जेठवारा थाना क्षेत्र के भावनपुर के समीप अचानक कुत्ता सामने आ जाने से अनियंत्रित हुई पिकप पेड से जा भिड़ी। हादसे में चालक सर्वेश व खलासी सागर गंभीर रूप से घायल हो गया। आननफानन में दोनों को लालगंज सीएचसी लाया गया। यहां चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। उधर लालगंज कोतवाली के ढ़िगवस पूरे बीरबल में रामबहादुर यादव की पैंसठ वषीर्या पत्नी कमला देवी धनकुटटी मशीन में धान कुटा रही थी। इस दौरान धनकुटटी की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। परिजन उसे लेकर लालगंज सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

# समस्याओं को लेकर बेसिक शिक्षकों ने भरी हुंकार, दी आन्दोलन की चेतावनी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ सांगीपुर इकाई ने शिक्षकों के उत्पीड़न पर कडी नाराजगी जतायी है। सांगीपुर स्थित बीआरसी केन्द्र पर जमा हुए संघ के पदाधिकारियों ने बेसिक शिक्षकों को लेकर विभाग द्वारा नये नये प्रयोग के नाम पर उत्पीड़न का आरोप जड़ा है। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए बेसिक शिक्षकों ने कहा है कि इस समय महानिदेशक के द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद नियमावली के विपरीत शिक्षकों को डराकर मनमाना कार्य लिया जा रहा है। शिक्षकों का यह भी आरोप है कि प्राथमिक विद्यालय में टैबलेट तो दे दिये गये परन्तु सिम और डाटा उपलब्ध नही कराया गया। संघ ने बीते पन्द्रह वर्षो से बेसिक शिक्षकों के प्रोन्नत न होने पर भी आक्रोश जताया है। संघ के अध्यक्ष आशुतोष मिश्र की अगुवाई में शिक्षकों ने सांगीपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि लेखाकार श्यामशंकर को ज्ञापन सौंपा। संघ के मंत्री राजेश मौर्य ने चेतावनी दी है कि समस्याओं का समाधान नही हुआ तो शिक्षक पुरानी पेंशन की बहाली समेत इन मांगो पर आन्दोलन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में रणवीर सिंह, अष्टभुजा प्रसाद, राजीव सिंह, सौरभ मिश्र, संजय त्रिपाठी, करूणेन्द्र प्रताप, मनोज सिंह, राकेश मिश्र, राममूर्ति मिश्र, मार्तण्ड प्रताप सिंह, बलराम यादव, संजीव पाण्डेय, गिरिजाशंकर, अखिलेश गौतम, बजरंग राय, अभय शुक्ल, अवनीश सिंह, हरकेश विश्वकर्मा, राजेश यादव, रामसिंह आदि रहे।



धरने के उपरान्त मांग पत्र सौपते सांगीपुर के परिषदीय शिक्षक।

## पेंशनर्स की मासिक बैठक 12 को

**प्रतापगढ़।** सेवा निवृत कर्मचारी, शिक्षक एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा प्रतापगढ़ की मासिक बैठक 12 दिसम्बर को पेंशनर हाल में पूर्वान्ह ग्यारह बजे से आहूत की गई हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोकानिका उपाध्याय ने बैठक में अधिक से अधिक लोगों के पहुंचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बैठक में पेंशनर दिवस पर विचार किया जाएगा तथा अन्य बिन्दुओं पर चर्चा होगी।

# डीएम एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील मंझनपुर में सुनी जनशिकायतें

## जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



जनशिकायतों को सुनते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील मंझनपुर में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दियें जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को प्रतिदिन आई0जी0आर0एस0 पोर्टल को चेक करने तथा शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 30 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

समाधान दिवस में शिकायतकर्ता सूफिया निवासी-मोहल्ला बरदहाई बाजार, मंझनपुर ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनके मोहल्ले की सड़क खराब है एवं बरसात में जल-जमाव हो जाता है, जिस पर जिलाधिकारी ने ई0ओ0 मंझनपुर को जॉच कर नियमानुसार मरम्मत कार्य कराये जाने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता श्री संगमलाल, निवासी ग्राम-तियरा जमलापुर ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनकी भूमिधरी पर गांव के ही दबंग व्यक्ति द्वारा जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकरा ने उप जिलाधिकारी मंझनपुर को प्रकरण की जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें।

तहसील सिराथू में कुल 89 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 47 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी आकाश सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## दुर्घटना में घायल युवक की मौत परिजनों में कोहराम पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के कल्याणपुर के पास तीन दिन पूर्व दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई जैसे यह खबर परिजनों को मिली तो उनके घर में कोहराम मच गया। मृतक युवक अपने पीछे पत्नी के साथ एक बेटा और बेटी छोड़ गया है। घर के इकलौते चिराग के बुझने की खबर में घर के साथ पूरे गांव में कोहराम मचा दिया। परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। तहरीर मिलते ही पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

अपने शिकायती पत्र में पिता सोमनाथ पुत्र महादेव प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि उसका लड़का सूर्यभान 29 नवंबर को गांव के ही मिठाई लाल के घर निमंत्रण खाने गया था। जैसे ही वह वापस आ रहा था अनियंत्रित बाइक सवार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दिया जिसके चलते सूर्यभान गंभीर रूप से घायल हो गया परिवार के लोगों ने उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया।जहां पर उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाहाबाद एसआरएन अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां पर गंभीर स्थिति में उसका इलाज चल रहा था शनिवार की भोर लगभग 2:00 बजे युवक की मौत हो गई जिसके बाद खबर सुनकर घर में कोहराम मच गया। युवक अपने पिता का एकलौता पुत्र बताया जा रहा है। युवक के पीछे उसके पत्नी और एक पुत्री वा एक पुत्र हैं घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। अकेले कमाऊं पुत्र की मौत के बाद घर खाने कमाने के भी लाले पड़ गए हैं। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## न्यूज झरोखा

### अपने साथ परिवार और पास पड़ोस को भी नशा मुक्त बनाने की अपील



**कौशाम्बी।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कौशाम्बी विकास परिषद के तत्वावधान में दिनाँक 02 दिसम्बर को धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे जे.पी .शर्मा नशा मुक्ति अभियान के सलाहकार तथा मुन्ना पटेल समाजसेवी ने अपने विचार व्यक्त किये। श्री शर्मा ने युवाओ को देश की धरोहर बताते हुए उनको नशा से दूर रहने को प्रेरित करते हुए अपने परिवार और पास पड़ोस को भी नशा मुक्त बनाने में सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया उन्होंने विभिन्न प्रकार के नशो की चर्चा करते हुए इसके स्वास्थ्य सम्बन्धी हानि का आँकड़ा भी प्रस्तुत किया। कैंसर,टी.बी.इत्यादि होने वाले रोगों के प्राथमिक लक्षण के विषय में चर्चा किया और विद्यालय के छात्र छात्राओं ने नशा मुक्त अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.रामकिरण त्रिपाठी ने आये हुए समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के अवसर पर समस्त शिक्षक एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहें।

### उमरावा नौबस्ता गांव में बड़े पैमाने पर धांधली

**कौशांबी।** विकासखंड सरसवां के ग्राम पंचायत उमरावा और नौबस्ता में विकास योजनाओं के नाम पर ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान द्वारा बड़ी धांधली की जा रही है गांव के अतुल कुमार त्रिपाठी ने ग्राम विकास मंत्री को पत्र भेजकर वर्ष 2021 से अब तक गांव में कराए गए विकास कार्यों की उच्च स्तरीय जांच करा कर दोषियों को दंडित किए जाने की मांग की है अतुल कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अमृत सरोवर के नाम पर 26 लख रुपए की रकम निकाल ली गई है लेकिन अमृत सरोवर का कार्य नहीं हो सका उन्होंने बताया कि 14वां वित्त एवं 15वां वित मनरेगा योजना शौचालय योजना स्कूल की भोजन व्यवस्था में बड़ी हेरा फेरी हो रही है पुराने शौचालय को नए दिखाए गए हैं और छात्रों की फर्जी संख्या दर्ज कर राशन में हेरा फेरी हो रही है सरकारी रकम में हेरा फेरी कर पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान माला माल हो रहे हैं ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार की यदि शासन स्तर से जांच हुई तो पंचायत सचिव ग्राम प्रधान के कारनामे उजागर होंगे इतना ही नहीं एडीओ पंचायत और खंड विकास अधिकारी के साथ-साथ जिला पंचायत राज अधिकारी के भी करनामें का खुलासा होना तय है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आज

**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत-बहादुरपुर, गरौली, बेरूआ, तुलसीपुर,नेवादा एवं म्यौहरिया में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा ग्राम पंचायत-जमदुआ, अजरौली, पन्नोई, मोहिउद्दीनपुर बेला, अमवा एवं मोहिउद्दीनपुर देवछार में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 03 .दिसम्बर 2023 को 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के तहत अपने अनुभव/फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से प्रधानमत्री का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ-'धरती कहे पुकार' एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे।

## अवैध खनन अवैध परिवहन ओवरलोडिंग वाहनों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के डीएम ने दिये निर्देश



कार्यवाही के निर्देश देते जिलाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार मे सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं खनन अधिकारी को अवैध खनन/ अवैध परिवहन/ ओवरलोडिंग वाहनों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने खनन पट्टों का नियमित रूप से निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दियें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि फर्जी नम्बर प्लेट/अस्पष्ट रूप से गाड़ी का नम्बर अंकित पाये जाने पर एफ0आई0आर0 दर्ज कराकर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## तिल्हापुर मोड़ स्थित मेडिकल स्टोर पर बिकती है नकली दवाएं

**चायल कौशाम्बी।** स्वास्थ्य विभाग के लापरवाही के चलते तिल्हापुर मोड बाजार स्थित एक मेडिकल स्टोर में नकली दवाओ की बिक्री होती है अनपढ़ लोगों के हाथों एक्सपायरी और नकली दवाएं बेची जाती हैं जेनेरिक की सस्ती दवाओं को पेटेंट बताकर यह दुकानदार दवा बेचता है।महंगे दामों पर झोला छाप डॉक्टर का यह खरीद केंद्र है इस मेडिकल स्टोर पर दवाएं रखने के लिए कोई सिस्टम नहीं है भूसे की तरह भरकर दवाएं रखी गई है दवा खरीदने आने वालों को नहीं मिलती रसीदें बिना डॉक्टर के प्रैक्टिशन के लोगों को खुलेआम दवाएं बेची जाती है सूत्रों के मुताबिक यहां से खरीदी गई नकली दवाएं खाकर क्षेत्र के तमाम लोग बीमार चुके हैं लेकिन उसके बाद दुकानदार के दुकान में मौजूद दवाइयो की जांच नहीं हुई है नकली और एक्सपायरी दवाइयां की जांच कर दवाइयां को सीज नही किया गया है जिससे स्वास्थ्य विभाग के कार्यों पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण कर डीएम ने अधिकारियों को दिये निर्देश



धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने शनिवार को धान क्रय केन्द्र,नवीन मण्डी समिति ओसा का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें।

जिलाधिकारी ने ओसा मण्डी में बनाये गये सभी 08 धान क्रय केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान रजिस्टर की जॉच कर अब तक की गई धान खरीद एवं किसानों को भुगतान आदि जानकारी प्राप्त करते हुए जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुधान्शु शेखर चौबे को धान खरीद एवं धान उठान में और प्रगति लाने तथा किसानों को समय से भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने केन्द्र प्रभारियों से कहा कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार धान क्रय किया जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न होने पाये। इसके साथ ही उन्होंने धान की बिक्री कर चुकें किसानों से दूरभाष पर वार्ता कर आवश्यक जानकारी भी प्राप्त किया। उन्हांने धान की बिक्री करने आये किसानां से पूॅछा कि धान की बिक्री करने में किसी प्रकार की समस्या तो नहीं आ रही है, जिस पर किसानों ने बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है इस अवसर पर तहसीलदार मंझनपुर भूपाल सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में त्रिदिवसीय विज्ञान प्रयोगशाला का आयोजन संपन्न

**अखंड भारत संदेश**



कार्यशाला में उपस्थित बच्चे

**कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्त पोषित एनजीओ के प्रमुख डॉक्टर सुरेंद्र प्रधान एवं पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज के सहयोग से 28, 29 नवंबर एवं 1 दिसम्बर को त्रिदिवसीय विज्ञान कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम जीव विज्ञान, द्वितीय भौतिक विज्ञान और तीसरे दिन प्रमुख रसायन विज्ञान से संबंधित विषयों पर गहन शोध किया गया।

इस दौरान मानव हृदय की संरचना, मानव कंकाल, मेंढक के अग्रपाद एवं पश्चपाद की अस्थियां, मेंढक कंकाल, जल उपचारण हेतु रासायनिक प्रक्रियाएं, इकोसिस्टम, ब्लड ग्रुप डिटेक्टर, केमिकल प्रोसेस के द्वारा जल का उपचारण, सोलर सीन सीकर (कार पार्किंग, यूजिंग आर०एफ० आई०डी० एवं ड्रोन आदि पर चर्चा एवं कार्यशाला द्वारा विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया गया। उपरोक्त कार्यशाला में प्रतिदिन कक्षा 6 से 12 तक के छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्रबंधक प्रभु शंकर शुक्ल का मानना है कि उपरोक्त विज्ञान प्रयोगशाला का आयोजन इस क्षेत्र में सर्वप्रथम पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कालेज में किया गया है। पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य विज्ञान के तथ्यों एवं उद्देश्यों को जीवन में उतारना एवं जीवन में सहयोग प्रदान करना है। कार्यशाला के आयोजन में विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ श्वेता जायसवाल, इंचार्ज पिंकी यादव, विज्ञान के अध्यापक राजीव केसरवानी, जयंत पांडे, डॉक्टर गौरव सिंह आदि सहयोगी के तौर पर उपस्थित रहें।

## उपकेन्द्र अवर अभियंता की मनमानी से उपभोक्ता परेशान

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत चरवा बिजली उप केन्द्र अवर अभियंता की मनमानी से उपभोक्ता परेशान है गौरतलब हो कि नगर पंचायत चरवा बिजली उपकेन्द्र की मनमानी का आलम यह है। कि लगभग 10:27 बजे तक उप केंद्र नगर पंचायत चरवा मे न मौजूदगी के चलते बिजली उपभोक्ताओ ने यदि बिजली से सम्बन्धित कोई जानकारी लेना चाहे तो उनका अता पता ही नही रहता है। और कुर्सी भी अपने भाग्य पर आँसू बहाती रहती है। अवर अभियंता के न उपस्थित रहने के कारण वहीं लोगों का कहना है इस अधिकारी मे कुछ न कहो इनकी मनमानी चरमसीमा पर है। जिसका खामियाजा आम जनमानस भुगत रहा है समय से बिजली की सप्लाई नहीं होती है मनमानी तरीके से बिजली कटौती होती है बिजली ठीक करने के नाम पर अवैध वसूली शुरू है क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं ने बिजली अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए अवर अभियंता के कारनामों पर रोक लगाए जाने की मांग की हैं।

## आयुक्त एवं सचिव के आदेश का 3 महीने बाद भी कौशांबी में नहीं हो सका पालन

### सरकार को अपने आदेश को पालन कराने के लिए कठोरता लानी होगी तभी भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था लागू हो सकेगी

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशांबी।** सरकारी कार्यालय में बाहरी व्यक्तियों के कार्य करने पर रोक लगाए जाने का आदेश आयुक्त एवं सचिव अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त अनिल कुमार यादव ने 29 अगस्त 2023 को देते हुए समस्त जिलाधिकारी और मंडल आयुक्त को निर्देशित किया था कि सरकारी कार्यों में प्राइवेट व्यक्तियों के कार्यों पर रोक लगाई जाए लेकिन 3 महीने बाद भी आयुक्त एवं सचिव के इस आदेश का कौशांबी में पालन नहीं हो सका है तहसील से लेकर जिले तक के तमाम कार्यालय में बाहरी व्यक्तियों का दबदबा है और वह पूरे दिन सरकारी कार्यालय में मौजूद रहकर कार्य करते हैं जिनके साक्ष्य कार्यालय में मौजूद सीसीटीवी कैमरे बयां कर रहे हैं सरकार के आदेशों को लेखपाल भी ठेंगा दिखा रहे हैं लेखपालों के साथ भी प्राइवेट कर्मचारी मुंशी के नाम पर तैनात है जो धन उगाही करते हैं मुंशी और प्राइवेट कर्मचारियों के सहारे तहसील से लेकर खनन कार्यालय और विकास भवन शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग के तमाम कार्यालय संचालित हो रहे हैं।

कौशांबी जिले के सिराथू तहसील में समस्त लेखपाल और कानूनगो ने अपने-अपने प्राइवेट मुंशी रख रखे हैं जो लेखपालों का पूरा लेखा-जोखा एवं कार्यभार संभाल रहे हैं यहां तक की जाति आय निवास या किसी जमीन की पैमाइश या किसी अन्य भी प्रकार का जरूरी जांच केवल मुंशी के भरोसे ही लेखपालों की टिकी हुई है यहां तक की मुंशी से बात किया जाए तो सबसे पहले नाश्ता पानी एवं चढ़ावा की बात करते हैं जब कोई लेखपाल के पास किसी कार्य के लिए जाता है तो लेखपाल भी उसको सीधे मुंशी से बात करने को बोलते हैं और मुंशी सीधे से बिना खर्च के कोई काम न होने के बात कहता है वही जाति आय निवास प्रमाण पत्र में लेखपालों के रिपोर्ट लगाने के लिए यह किसी भी प्रकार की हदबंदी के लिए या किसी भी प्रकार के लेखपाल संबंधित जांच के लिए लेखपाल आम जनमानस को अपने मुंशी के पास भेजते हैं और मुंशी वहीं पर मोटी रकम की बात करता है यह प्रतिदिन का खेल हो गया है अगर आपने मुंशी के बदौलत उसका मुंह मांगी रकम दिया तो ठीक है आपका कार्य हो जाएगा अन्यथा आपका काम ठंडा बस्ते में चला जाएगा वहीं पर लेखपालों का कहना है कि हमारे पास जरूरत से ज्यादा कार्य है हम उनको ना रखें तो क्या करें और मुंशी अगर पैसा लेता है या किसी से पैसे की डिमांड करता है तो उससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है हम किसी प्रकार का लेनदेन नहीं करते है अब देखना यह है कि यह दोनों की खिचड़ी लेखपाल और मुंशी की साठ घाट से धन उगाही कब तक होती रहेगी और कब तक आयुक्त एवं सचिव के आदेश की धज्जियां उड़ाई जाती रहेगी।

तहसील के लेखपालों का ही कारनामा अकेले कौशाम्बी में प्राइवेट ब्यक्तियो के सहारे कार्य लेने का नहीं है बल्कि इसके अलावा खनन विभाग शिक्षा विभाग विकास विभाग खंड विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों में भी तमाम प्राइवेट कर्मचारी अधिकारी और कर्मचारियों के आगे पीछे लगे हैं जो सरकारी व्यवस्था को देखने के बहाने धन उगाही कर आम जनमानस का शोषण कर रहे हैं जिससे योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के दावे की धज्जियां उड़ती दिख रही है सरकार को अपने आदेश को पालन कराने के लिए कठोरता लानी होगी तभी भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था लागू हो सकेगी।

## पुलिस महकमें बड़े पैमाने पर फेरबदल

**कौशाम्बी।** एडीजी प्रयागराज जोन के आदेश के क्रम में एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जनपद में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए देर रात जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों एवम पटलो पर तैनात इंस्पेक्टर,सब इंस्पेक्टर,कांस्टेबल,हेड कांस्टेबल और महिला कांस्टेबल के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। एसपी ने विभिन्न पटल और थाना एवम पुलिस लाइन में तैनात सभी पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से अपने तैनाती स्थल पर ज्वाइन करने का आदेश भी दिया है।एसपी ने विभिन्न थाना क्षेत्रों एवम पटल पर तैनात 9 इंस्पेक्टर,30 सब इंस्पेक्टर,कांस्टेबल,हेड कांस्टेबल और महिला कांस्टेबल के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। इस कड़ी में सैनी थाना अध्यक्ष चन्द्रभूषण मौर्या को सैनी से हटा कर प्रभारी निरीक्षक थाना महेवघाट बनाया गया और सैनी थाने की कमान संभालेंगे क्राइम ब्रांच में तैनात रहे जयचंद्र शर्मा, प्रभारी निरीक्षक थाना करारी प्रमोद कुमार राम को हटा कर करारी थाने की कमान सुनील कुमार सिंह को दी गई। किशन कुमार बिंद चौकी प्रभारी बिंदाव, थाना कौशांबी से हटा कर चौकी प्रभारी शहजादपुर, थाना कोखराज बनाया गया,प्रेमकुमार यादव चौकी प्रभारी शहजादपुर थाना कोखराज को हटाकर चौकी प्रभारी हररायपुर, थाना संदीपन घाट बनाया गया, हररायपुर चौकी प्रभारी थाना संदीपन घाट में तैनात शैलेन्द्र को चौंकी प्रभारी कोरई, थाना मंझनपुर भेजा गया है। चौकी प्रभारी चंपाहा, थाना पश्मिम शरीरा विजय शंकर मौर्या को चौकी प्रभारी मकदूमपुर, थाना पिपरी भेजा गया, विपिन कुमार यादव को चौकी प्रभारी चंपाहा, थाना पश्चिम शरीरा बनाया गया। अवधराज यादव को चौकी प्रभारी तिल्हापुर, थाना पिपरी से हटा कर चौकी प्रभारी मूरतगंज थाना संदीपन घाट में तैनात किया गया है। मूरतगंज चौकी प्रभारी, थाना संदीपन में तैनात हनुमान प्रसाद को यहा से हटाकर चौकी प्रभारी नारा, थाना मंझनपुर भेजा गया, चौकी प्रभारी सैय्यद सारावा, थाना चरवा में तैनात अयोध्या कुमार को यहां से हटाकर थाना पश्चिम शरीरा भेज दिया गया है। इसके साथ तमाम सिपाहियों के क्षेत्र में भी बदलाव किया गया है।

## जल जीवन मिशन क्वालिटी माह का आयोजन

### कल्पतरू प्रोजेक्ट इंटरनेशनल लिमिटेड के बैनर तले आयोजित हुआ जल जीवन मिशन कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**




कार्यक्रम में उपस्थित लोग

**कौशांबी।** तहसील सिराथू के ग्राम पंचायत कोखराज में शनिवार को जनपद में अलग अलग स्थानों पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत बन रही पानी की टंकी का निर्माण करने वाली कंपनी जेएमसी के समस्त आधिकारी कर्मचारियों ने अपनी अपनी टीम के साथ कोखराज में एकत्रित हुए। और कल्पतरू प्रोजेक्ट इंटरनेशनल लिमिटेड के बैनर तले क्वालिटी माह का आयोजन किया गया जहां कम्पनी के साथ साथ जल निगम के आला अधिकारी और कर्मचारी पहुंचे और इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

जल निगम के एई शिवम् यादव ने कार्यक्रम में पहुंचकर जनपद में हो रहे इस प्रॉजेक्ट को गुणवत्ता पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया वही,एई जल निगम (निराला) अर्पित उपाध्याय ने भी इस अवसर पर कर्मचारियों को बताया की यह जल जीवन मिशन के तहत जो कार्य किया जा रहा है उसे हम जितनी मजबूती और गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निर्माण करेंगे तो यह जल्दी खराब नही होगा। इस कड़ी में जेई जल निगम अजय कुमार और धीरेन्द्र सिंह ने कार्य गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी और समय समय पर परीक्षण के बारे में बताया। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता क्वालिटी कंट्रोल के धीरज द्विवेदी ने क्वालिटी माह के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि क्वालिटी माह का सर्वप्रथम आयोजन नवम्बर 2008 में गुजरात से शुरू किया था। जिसे अब हर वर्ष नवम्बर माह में मनाया जाता हैं। इसका उद्देश्य कम्पनी द्वारा किए गए कार्य की गुणवत्ता परख और कार्य कर रहे कर्मचारियों को गुणवत्ता से बारे में जानकारी दी जाए। इस अवसर पर केपीईएल कम्पनी के श्री प्रसाद, राहुल श्रीवास्तव, संजय राघव, राहुल रंगडोले, राहुल बग, और क्वालिटी कंट्रोल डिपार्टमेंट के धीरज द्विवेदी, टीपीआई के विकास दुबे और विशाल चौरसिया मौजूद रहें। इस आयोजन के तहत इस अवसर पर विभागीय कार्य प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें अलग अलग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके तहत स्लोगन लेखन, ड्राइंग, क्विज प्रतियोगिता, पेंटिंग और कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। जिसमे स्लोगन लेखन में शिव कुमार, ड्राइंग में दिलीप यादव, और क्विज प्रतियोगिता में जय शंकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिन्हे आयोजन के अन्त में पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा पौधा रोपण के लिए राहुल श्रीवास्तव और अपने कार्य के प्रति उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अनूप बाकी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## कृषि यंत्रीकरण योजनाओं के लिए 14 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने अवगत कराया कि कृषि यन्त्र वितरण के लिए लाभार्थी चयन में 'पहले आओ पहले पाओ' व्यवस्था को समाप्त करके प्राप्ति बुकिंग में से ई-लाटरी के माध्यम से लाभार्थी चयन व्यवस्था प्रारम्भ की गई है। किसान भाई कृषि यंत्रीकरण समस्त योजनाओं में कृषि यंत्र/कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग सेन्टर, थ्रेसिंग फ्लोर एवं स्मॉल गोदाम पर अनुदान प्राप्त करने के लिए दिनॉक 14 दिसम्बर 2023 रात्रि 12 बजे तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। ई-लाटरी के माध्यम से ब्लॉकवार लक्ष्यों के सापेक्ष लाभार्थी चयन किया जायेंगा।

## संपादक की कलम से

# भारत की भौगोलिक, सामाजिक आर्थिक विषमताएं

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत की सरकारें वर्ष 2023 तक यह प्रयास करती रही है कि एक नवीन, मजबूत भारत का उदय हो, जहां अमीरी, गरीबी, जाति, संप्रदाय और सामान्य और दलित वर्ग भेद पूर्णता समाप्त हो जाए,पर भरसक प्रयास के बाद भी ऐसा हो नहीं पाया है। वर्तमान में भारत की सामाजिक,भौगोलिक, आर्थिक विभिन्नता एवं विषमता देश के आर्थिक तथा वैश्विक छवि के लिए अवरोध साबित हो सकते हैं। देश में विभिन्न नीतियों के विरुद्ध राष्ट्रीय संपत्ति की तोड़फोड़, आपसी असहमति में हत्याये देश के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे संकेत नहीं है। भारत को एक सशक्त आंतरिक नीति एवं सामाजिक सौहार्द्र की आवश्यकता है तब ही हम विकास के पथ पर आगे प्रशस्त हो सकते हैं। भारत की सफल विदेश नीति एक अच्छी नीति की शुरूआत है और विदेशों में भारत की एक अलग पहचान भी महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, पर केवल विदेश नीति से ही देश की 141 करोड़ जनता का पेट भरना और उसे विकास की राह में ले जाना मुमकिन नहीं है। देश की आवाम को सशक्त योजनाओं और आर्थिक तंत्र के मजबूत होने के साथ-साथ उत्पादन में आत्मनिर्भरता से ही मजबूत बनाया जा सकता है, तब जाकर देश की गरीबी एवं भूखमरी पर निजात पाई जा सकती है। धर्मनिरपेक्षता के मजबूत कंधों के सहारे देश को सांप्रदायिक सद्भाव के मार्ग पर ले जाने के साथ-साथ शांति और सौहार्द्र का वातावरण तैयार किया जा सकता है। देश में शांति सौहार्द और उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही विकास के सच्चे पैमाने हैं। पंचवर्षीय योजनाओं में लगातार गरीबी उन्मूलन, कृषि विकास की योजनाएं, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी, स्कूली एवं कॉलेज की शिक्षा, स्वास्थ्य की तमाम परेशानियों को दूर करने के लिए बड़ी-बड़ी आर्थिक योजनाएं बनती रही हैं,पर न तो पूरी तरह योजनाओं में अमल हो पाया और ना ही भरपूर वित्तीय संसाधनों का सही-सही समुचित दोहन ही हो पाया। वैसे तो यह कल्पना की गई थी कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत की सरकारें ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देकर शहर तथा गांव की सरहदों को मिटाने का प्रयास करेगी, हमारा लोकतांत्रिक ढांचा इतना समावेशी और मजबूत नहीं हो पाया कि हम देश के संपूर्ण विकास के लिए कटिबद्ध हो पाए। संसद, विधायिका और कार्यपालिका में तालमेल की कमी के कारण भारत में विकास कल्पना के अनुरूप मूर्त रूप नहीं ले पाया। हमें नवीन भारत की संकल्पना के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन प्रयास को बहुत सशक्त एवं दमदार बनाना होगा। केवल गरीबों को मुफ्त में अनाज देकर उनकी गरीबी दूर नहीं की जा सकती है। गरीबों को अनाज देने के साथ-साथ उनके हाथों को काम और आजीविका के साधन भी देने होंगे, तब जाकर देश की स्थिति सुधर सकती है। हमें गरीबी के अनेक स्वरूपों को जड़ से खत्म करना होगा। इसके लिए हमें पिछड़ी जाति, दलित, दिव्यांग,महिलाएं, गरीब बच्चे के लिए सर्वाधिक योजनाओं को महत्व देकर निशुल्क शिक्षा,रोजगार गारंटी तथा कौशल विकास तथा पारदर्शी स्वास्थ्य योजनाओं को हर पंचवर्षीय योजना में लागू किया जाना होगा, पर अब हर वर्ष नई नई योजनाएं बनाकर उस पर प्रभावी क्रियान्वयन कर गरीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर सफल बनाना होगा। यह सर्वविदित है कि सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से ही नवीन भारत का मार्ग प्रस्तुत हो सकता है। भारतीय समाज में जातिवाद एक बड़े नासूर की तरह हम सबके समक्ष खड़ा है। जात पात को खत्म करने के लिए स्वतंत्रता के प्राप्ति के पश्चात कई महान पुरुषों ने अपना जीवन लगा दिया था, जिनमें प्रमुख ज्योतिबा फुले, महात्मा गांधी, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम उल्लेखनीय है।

# दिव्यांगों को नया आयाम एवं जीवन-मुस्कान दें

हर वर्ष 3 दिसंबर का दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकलांग व्यक्तियों को समर्पित है। विकलांग भी किसी से कम नहीं, उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए थोड़े से सहयोग एवं समतामूलक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। इसका मुख्य उद्देश्य विश्वभर में विकलांगता और विकलांग लोगों के साथ सामाजिक, पारिवारिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक भागीदारी को बढ़ावा देना है और उनके अधिकारों, समर्थन, और समाज में उनके साथ सौहार्द्र बनाए रखना है। वर्ष 2023 की विकलांग दिवस की थीम है एक समावेशी समाज का निर्माण और समान अवसरों का सृजन है। वर्ष 1976 में संयुक्त राष्ट्र आम सभा के द्वारा “विकलांगजनों के अंतरराष्ट्रीय वर्ष” के रूप में मनाया गया और वर्ष 1981 से अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाने की विधिवत शुरूआत हुई। विकलांगों के प्रति सामाजिक सोच को बदलने और उनके जीवन के तौर-तरीकों को और बेहतर बनाने के लिये एवं उनके कल्याण की योजनाओं को लागू करने के लिये इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है।



पूरी दुनिया में एक अरब लोग विकलांगता के शिकार हैं। जिनमें से 80 प्रतिशत विकासशील देशों में हैं। अधिकांश देशों में हर दस व्यक्तियों में से एक व्यक्ति शारीरिक या मानसिक रूप से विकलांग हैं। इनमें कुछ संवेदनाविहीन व्यक्ति भी हैं। विकलांगता एक ऐसा शब्द है, जो किसी को भी शारीरिक, मानसिक और उसके बौद्धिक विकास में अवरोध पैदा करता है। ऐसे व्यक्तियों को समाज में अलग ही नजर से देखा जाता है। यह शर्म की बात है कि हम जब भी समाज के विषय में विचार करते हैं, तो सामान्य नागरिकों के बारे में ही सोचते हैं। उनकी ही जिंदगी को हमारी जिंदगी का हिस्सा मानते हैं। इसमें हम विकलांगों को छोड़ देते हैं। आखिर ऐसा क्यों होता है? ऐसा किस संविधान में लिखा है कि ये दुनिया केवल पूर्ण मनुष्यों के लिए ही बनी है? बाकी वे लोग जो एक साधारण इंसान की तरह व्यवहार नहीं कर सकते, उन्हें अलग क्यों रखा जाता है। क्या इन लोगों के लिए यह दुनिया नहीं है? इन विकलांगों में सबसे बड़ी बात यही होती है कि ये स्वयं को कभी लाचार नहीं मानते। वे यही चाहते हैं कि उन्हें अक्षम न माना जाए। उनसे सामान्य तरह से व्यवहार किया जाए। पर क्या यह संभव है?

पिछले कुछ वर्षों में, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों से, विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करने और दुनिया भर में एक बाधा-मुक्त, समतामूलक समाज की स्थापना करने में कुछ प्रगति हासिल हुई है। लेकिन विकलांग लोगों को हाशिये पर धकेलने वाली पर्यावरणीय, सामाजिक, पारिवारिक और कानूनी बाधाएं फिर भी मौजूद हैं, इसलिए रोजगार, शिक्षा और चिकित्सा देखभाल में विकलांग लोगों के अधिकार अभी भी अलग-अलग स्तर के प्रतिबंधों के अधीन हैं। लेकिन विकलांग दिवस की बदौलत न केवल सरकारें बल्कि आम जनता में भी विकलांगों के प्रति जागरूकता एवं सौहार्द का माहौल बना है। समाज में उनके आत्मसम्मान, प्रतिभा विकास, शिक्षा, सेहत और अधिकारों को सुधारने के लिये और उनकी सहायता के लिये एक साथ होने की जरूरत है। विकलांगता के मुद्दे पर पूरे विश्व की समझ को नया आयाम देने एवं इनके प्रति संकीर्ण दृष्टिकोण को दूर करने के लिये इस दिन का महत्वपूर्ण योगदान है।

यह दिवस विकलांग लोगों के अलग-अलग मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करता है और जीवन के हर क्षेत्र में चाहे वह राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कोई भी हो, सभी विकलांग लोगों को शामिल करने और उन्हें अपने प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकलांगों को विकलांग नहीं कहकर दिव्यांग कहने का प्रचलन शुरू कर न केवल उनके आत्म-विश्वास को जगाया है बल्कि एक नयी सोच को जन्म दिया है। हमें इस बिरादरी को जीवन की मुस्कुराहट देनी है, न कि हेय समझना है। विकलांगता एक ऐसी परिस्थिति है जिससे हम चाह कर भी पीछा नहीं छुड़ा सकते। एक आम आदमी छोटी-छोटी बातों पर झुंझला उठता है तो जरा सोचिये उन बदकिस्मत लोगों का जिनका खुद का शरीर उनका साथ छोड़ देता है, फिर भी जीना कैसे है, कोई इनसे सीखे। कई लोग ऐसे हैं जिन्होंने विकलांगता को अपनी कमजोरी नहीं, बल्कि अपनी ताकत बनाया है। ऐसे लोगों ने विकलांगता को अभिशाप नहीं, वरदान साबित किया है।

प्रश्न यह भी है कि विकलांग लोगों को बेसहारा और अछूत क्यों समझा जाता है? उनकी भी दो आँखें, दो कान, दो हाथ और दो पैर हैं और अगर इनमें से अगर कोई अंग काम नहीं करता तो इसमें इनकी क्या गलती? यह तो नसीब का खेल है। इंसान तो फिर भी कहलायेंगे, जानवर नहीं। फिर इनके साथ जानवरों जैसा बर्ताव कहां तक उचित है? किसी के पास पैसे की कमी है, किसी के पास खुशियों की, किसी के पास काम की तो अगर वैसे ही इनके शारीरिक, मानसिक, ऐन्द्रिक या बौद्धिक विकास में किसी तरह की कमी है तो क्या हुआ है? कमी तो सबमें कुछ-न-कुछ है ही, तो इन्हें अलग नजरों से क्यों देखा जाए? परिपूर्ण यानी सामान्य मनुष्य समाज की यह विडम्बना है कि वे अपंग एवं विकलांग लोगों को हेय की दृष्टि से देखते हैं। लेकिन विकलांग लोगों से हम मुंह नहीं चुरा सकते क्योंकि आज भी कहीं-न-कहीं हम जैसे इन्हें हीन भावना का शिकार बना रहे हैं, उनकी कमजोरी का मजाक उड़ा कर उन्हें और कमजोर बना रहे हैं। उन्हें दया से देखने के बजाय उनकी मदद करें, आखिर उन्हें भी जीने का पूरा हक है और यह तभी मुमकिन है जब आम आदमी इन्हें आम बनने दें। जीवन में सदा अनुकूलता ही रहेगी, यह मानकर नहीं चलना चाहिए। परिस्थितियां भिन्न-भिन्न होती हैं और आदमी को भिन्न-भिन्न परिस्थितियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

मनुष्य के मजबूत इरादे दृष्टि दोष, मूक तथा बधिरता को भी परास्त कर देते हैं। अनगिनत लोगों की प्रेरणास्त्रोत, नारी जाति का गौरव मिस हेलेन केलर शरीर से अपंग थी, पर मन से समर्थ महिला थीं। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति ने दृष्टिबाधिता, मूक तथा बधिरता को पराजित कर नई प्रेरणा शक्ति को जन्म दिया। सुलिवान उनकी शिक्षिका ही नही, वरन् जीवन संगिनी जैसे थीं। उनकी सहायता से ही हेलेन केलर ने टालस्टाय, कार्लमार्क्स, नीत्शे, रविन्द्रनाथ टैगोर, महात्मा गाँधी और अरस्तू जैसे विचारकों के साहित्य को पढ़ा। हेलेन केलर ने ब्रेल लिपि में कई पुस्तकों का अनुवाद किया और मौलिक ग्रंथ भी लिखे। उनके द्वारा लिखित आत्मकथा “मेरी जीवन कहानी” संसार की 50 भाषाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। अल्प आयु में ही पिता की मृत्यु हो जाने पर प्रसिद्ध विचारक मार्कट्वेन ने कहा कि, केलर मेरी इच्छा है कि तुम्हारी पढ़ाई के लिए अपने मित्रों से कुछ धन एकत्रित करूँ। केलर के स्वाभिमान को धक्का लगा। सहज होते हुए मृदुल स्वर में उन्होंने मार्कट्वेन से कहा कि यदि आप चन्दा करना चाहते हैं तो मुझ जैसे विकलांग बच्चों के लिए कीजिए, मेरे लिए नहीं।

सचमुच विकलांग एवं अंध होकर भी हेलेन केलर 19वीं शताब्दी की सबसे दिलचस्प महिला हैं। वे पूरे विश्व में 6 बार घूमीं और विकलांग व्यक्तियों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण वातावरण का निर्माण किया। उन्होने करोडों रुपए की धन राशि एकत्र करके विकलांगों के लिए अनेक संस्थानों का निर्माण करवाया। दान की राशि का एक रुपया भी वे अपने लिए खर्च नहीं करती थीं। हेलेन केलर की तरह ही ऐसे अनेक विकलांग व्यक्ति हुए हैं जिन्होंने विकलांगता को अपने जीवन निर्माण एवं विकास की बाधा नहीं बनने दिया। स्टीफन होकिंग का नाम भी दुनिया में एक जाना-पहचाना नाम है। चाहे वह कोई स्कूल का छात्र हो, या फिर वैज्ञानिक, सभी इन्हें जानते हैं। उन्हें जानने का केवल एक ही कारण है कि वे विकलांग होते हुए भी आइंस्टाइन की तरह अपने व्यक्तित्व और वैज्ञानिक शोध के कारण हमेशा चर्चा में रहे।

प्रेषकः
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई॰ पी॰ एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

# अंधविश्वास की गहरी जड़े, शिक्षा और ज्ञान के अभाव में जकडा जनमानस

आश्चर्य की बात है कि आज के प्रगतिशील वैज्ञानिक युग में विज्ञान और टेक्नोलॉजी से शिक्षित जनमानस भी अंधविश्वास और रूढ़िवादिता का अंधभक्त या अनुयाई हो गया है। मकान में वास्तु दोष दूर करने के लिए अनावश्यक तोड़फोड़ और सुधार के लिए लाखों खर्च किए जाते हैं। यह अंधविश्वास का एक जीता जागता प्रमाण है। वास्तु दोष तथा अंधविश्वास को मानने वाले 90% शिक्षित युवा इस मकड़ जाल में फंसे हुए हैं। अशिक्षा और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है। यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात है। यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही है।

शहीद भगत सिंह ने आजादी के लिए एक संगठन नौजवान भारत सभा का गठन किया और उसके घोषणा पत्र में कहा था कि धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के बहुत बड़े बाधक है, वह हमारे रास्ते की बाधा साबित हुए हैं उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पा लेना चाहिए जोकि आजाद विचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकती उसे समाप्त हो जाना चाहिए इसी प्रकार अन्य बहुत सारी कमजोरियां भी हैं जिन पर हमें विजय प्राप्त करना होगा ,इस कार्य के लिए सभी समुदाय के क्रांतिकारी उत्साह रखने वाले नई सोच के नौजवानों की आवश्यकता है। उन्होंने बिल्कुल सही कहा था क्योंकि युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है,पर दूसरी तरफ शिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक है। शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अविश्वास के रूप में में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन से चलकर हम न सिर्फ चांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है ऐसे में अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता एवं संप्रदायवाद की जगह कहाँ बच जाती है भला ? शिक्षा का स्तर ईतना ऊंचा हो जाना चाहिए की इन अंधविश्वासी बातों और मिथकों का अस्तित्व ही मूल रूप से विस्मृत किया जाना चाहिए। बिल्ली के रास्ता काटने से काम रुक जाता है,किसी की छींक देने से अशुभ संकेत स्थापित होने लगते हैं यदि कौवा बोलता है तो मेहमान आने का संकेत माना जाना इन सब बातों की कोई तार्किक अथवा वैज्ञानिक पृष्ठभूमि नहीं है और जनमानस द्वारा अपने दिमाग का प्रयोग कर ऐसी अतार्किक और वैज्ञानिक बातों में विश्वास करना भी अंधविश्वास को सामाजिक स्तर पर मान्यता प्रदान करता है। यह भी अशिक्षा का एक बहुत बड़ा परिणाम है। शिक्षा विज्ञान तथा तकनीकी ज्ञान समाज में तर्कसंगत बातों का विश्वास करने पर भरोसा दिलाता है और धीरे धीरे अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता से मनुष्य को परे ले जाता है। मूलतः अंधविश्वास को दूर करने के लिए हमें शिक्षा जैसे अस्त्र का इस्तेमाल तीव्र गति से किया जाना चाहिए। अंधविश्वास, तंत्र मंत्र के अधीन होकर पशुओं की बलि देना भी एक प्रकार से अंधविश्वास को बढ़ावा देना ही है, तंत्र मंत्र के विश्वास में आकर मानव न केवल पशुओं की बलि देते बल्कि बच्चों की बलि देने से भी नहीं परहेज करता है। समाज में व्याप्त अंधविश्वास तथा कट्टरपंथ का लाभ समाज के कुछ चालबाज तथा धोखेबाज लोग उठाते हैं और यही लोग इन अंधविश्वासी लोगों को भूत, प्रेत ,राहु केतु,काल सर्प दोष इत्यादि का भय दिखाकर पूजा पाठ तंत्र मंत्र के नाम से हजारों रुपए लूट लेते हैं। यह सिर्फ गांव में ही नहीं हो रहा है यह शहरों में भी बुरी तरह व्याप्त है तंत्र मंत्र तथा भूत प्रेत से छुटकारा भारत के कस्बों तथा गांव में एक व्यवसाय के रूप में विकसित हो गया है जो देश के लिए एक बड़ी विसंगति और विडंबना है। ऐसे तंत्र मंत्र और भविष्य के दर्शन कराने वाले तांत्रिकों का विज्ञापन न सिर्फ बड़े-बड़े अखबारों में बल्कि स्थापित टीवी चैनलों में भी खुल कर दिया जाता है जिससे न सिर्फ अनपढ़, अंधविश्वासी बल्कि शिक्षित लोग भी झांसे में आकर बड़ी धनराशि से हाथ धो बैठते हैं।

# शिक्षा से संस्कार, संस्कृति और साक्षरता से जागरूकता लाने के प्रयास के महीन अंतर की गहन मीमांसा

सबसे पहले हमें शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को पहचानना होगा। शिक्षा जीवन के महत्व, संस्कार की संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैं। शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प है। जिसके अंतर्गत पढ़ना लिखना समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक है। साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना से इसका कोई संबंध नहीं रह जाता है। साक्षरता सदैव रोजगार मूलक पहलुओं से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता है। शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती है। ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा है। सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है।पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में है। ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाए। शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है।जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है। वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण है। महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है।



परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें अनुशासन, सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता है। पुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता है। पर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादाई होती है। यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है, लोकोक्ति सही भी है, शिक्षकों का मार्गदर्शन खेल खेलने से विकसित होने वाले मूल्य जैसे समूह की भावना, निष्पक्षता, ईमानदारी,साहस की भावना को परिष्कृत करती है। ऐसे कई उदाहरण हैं की बिना साक्षरता के व्यक्ति पूर्ण रूप से शिक्षित एवं सुसंस्कृत हो सकता है। अपने समय के महान चिंतक फिलासफर सुकरात ने कहा था कि मैं शिक्षित अथवा ज्ञानी इस अर्थ में हूं,कि मैं कुछ नहीं जानता। शिक्षा व्यक्ति के जीवन में अहंकार,लालच, हिंसा, कटुता आदि को नियंत्रित करने में मदद देती है। पुराण काल में रावण प्रकांड पंडित एवं साक्षर व्यक्ति माना जाता था पर स्त्री के अपहरण में उसका कृत्य अहंकार लालच लिप्सा उसकी साक्षरता को सार्थक नहीं कर पाई। पर आज के संदर्भ में जब आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है, साक्षरता ने शिक्षा की जगह वरीयता प्राप्त करना शुरू कर दिया है। यह माना जाता है जिस व्यक्ति के पास अच्छी नौकरी अच्छा पद और मोटी मोटी तनख्वाह है, उसका समाज ज्यादा ही सम्मान करने लगता है। इन्हीं कारणों से समाज मूल्य तथा संस्कृति के विकास को दरकिनार कर रोजगार मूलक साक्षरता को ही आज वरीयता देता है। और समाज उसे सिर आंखों पर बिठा के रखता है। इससे समाज के दीर्घकालिक सांस्कृतिक मूल्यों का हनन होता है, एवं क्षति भी होती है। और इस प्रक्रिया में साक्षरता पक्ष होने के कारण रोजगार साधन बन जाते हैं। एवं साधनों की परवाह न कर इसकी खुली अवहेलना हो लोग करने लगे हैं ,और इसी कारण शिक्षा के क्षेत्र में नकल, फजीवाड़े,धन देकर नौकरी प्राप्त करना आदि की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। साक्षर तो घोटालेबाज केतन पारेख हर्षद मेहता एवं कुख्यात आतंकवादी ओसामा बिन लादेन भी थे, किंतु इनकी शिक्षा की सार्थकता समाज द्वारा सदैव नापसंद की गई एवं समाज इन्हें हेय दृष्टि से देखने लगा है। आज के संदर्भ में ऐसी शिक्षा या साक्षरता की आवश्यकता है, जो मानव जीवन में मूल्यों का विकास एवं मूल्यों की प्रतिबद्धता विकसित कर सके। जिससे समाजिक गिरते मूल्यों तथा विरासत की अवहेलना ना हो सके। बिना मूल्यों के बिना संस्कृतिक विचारधारा के साक्षर होना ठीक उसी तरह है जैसे किसी बंदर के हाथ में बंदूक या उस्तरा देना है। हमें आज नैतिक साक्षरता देने की आवश्यकता होगी, जिससे व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास विरासत की रक्षा तथा मानवीय संवेदनाओं का संपुट हो, जो व्यक्ति को एक अच्छा इंसान बना सकें।

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर,छत्तीसगढ़, 9009 415**

# स्वाधीनता के संघर्ष,स्वाभिमान से उपजी भारत की एकता, अखंडता

करीबन आठ सौ से हजार वर्षों की परतंत्रता के बाद अनेक जीवन का बलिदान देने और विभिन्न संघर्षों के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। इस संघर्ष से प्राप्त स्वतंत्रता को हमें देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता की शक्ति से चिरकाल तक स्थाई रूप से बनाए रखना है अब कभी स्वतंत्रता पर खतरा ना आए यह हमारे देश के दिग्दर्शकों को अपनी कर्मठ जिजीविषा से बनाए रखना होगा। स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद हमारी एकता, अखंडता एवं एकरूपता मजबूत हुई है, पर कतिपय राजनैतिक मंसूबों के कारण आज हम सांप्रदायिकता, क्षेत्रीयता, जातीयता और अलग-अलग भाषाओं के संघर्षों से गुजर रहे हैं। हम आज मंदिर ,मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च के विवाद को लेकर विवाद ग्रस्त हो जाते हैं । कभी हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी,मराठी,तेलगु,और कभी असमी भाषा के असमंजस में फंस कर एक दूसरे का विरोध जताना शुरू कर देते हैं। मूलतः हमें राष्ट्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए सांप्रदायिकता के विद्वेष, ईर्ष्या, जलन और सीमा तथा भाषाई विवाद से परे हटकर देश में अखंडता, सांप्रदायिक सद्भावना का एक शुद्ध वातावरण समाज में तैयार करना होगा, जिसके फलस्वरूप हम विकास की मुख्यधारा में अपना व्यक्तिगत योगदान राष्ट्र के प्रति दे संके। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने कहा था कि "भारत संपूर्ण विश्व में एक अकेला ऐसा राष्ट्र है जहां मंदिरों ,मस्जिदों, गिरजाघरों और गुरुद्वारों का एक एकात्मक सह अस्तित्व कायम है"।

वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर आतंकवाद शांति सद्भावना एवं किसी भी राष्ट्र की अखंडता एकता एकरूपता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। आतंकवादी कभी अमेरिका और कभी भारत के दिल्ली, मुंबई और अनेक प्रदेशों को अपना निशाना बनाकर आतंक फैलाने का प्रयास करते हैं और आतंकवाद ने कई राज्यों में अपार जनहानि तथा संपत्ति की क्षति पहुंचाई है। इसके अतिरिक्त अलगाववादियों ने भी राष्ट्रीय एकता अखंडता को भंग करने का पुरजोर प्रयास किया है। राजनीतिक पार्टियों के मंसूबों तथा उनकी महत्वाकांक्षाओं के कारण भी अलग-अलग जातियों संप्रदाय तथा पूजा के पवित्र स्थानों को लेकर समाज को अलग करने का बीजारोपण भी किया है। राजनीतिक पार्टियों के चंद राजनेता वोट बैंक बनाने के लिए कभी अल्पसंख्यकों में अलगाव के बीच बोलने का प्रयास करते हैं। कभी आरक्षण के नाम पर पिछड़े वर्गों को देश की मुख्यधारा से बहकाने का प्रयास करते हैं, और कभी किसी विशेष जाति प्रांत या भाषा के हकदार बन कर देश की एकता, अखंडता को खंडित करने का पुरजोर प्रयास करते हैं। यह अत्यंत निंदनीय एवं चिंतनीय सामाजिक पहलू है, जिस संदर्भ में हमें गहन विचार करने की आवश्यकता भी है। सामाजिक स्तर पर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई एवं अन्य वर्ग सुचारू रूप से भाईचारे में अखंड विश्वास रखते हैं एवं सामान्य जीवन करने में विश्वास रखते हैं। पर राजनैतिक मंसूबों के कारण कुछ राजनेता इन सभी संप्रदायों को आपस में लड़वाकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास करते हैं। पर यह एक अत्यंत विचारणीय पहलू है कि राष्ट्रीय अखंडता एकता तथा सहयोग को बनाए रखने के लिए केवल राजनेता या प्रशासनिक अधिकारियों का कार्य न होकर हम सबका यह कर्तव्य भी है कि हमें एकजुट होकर राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को सदैव बनाए रखने का सतत प्रयास करना चाहिए। हम यदि ऐतिहासिक रूप से देखें की अनेक धर्मो जातियों और अनेक भाषाओं वाला भारत देश पूर्व में अनेक विसंगतियां के बावजूद सदैव एकता के सूत्र में बंधा रहा है। भारत देश में पूर्व में भी अनेक विदेशी जातियां आई और धीरे-धीरे भारत की मूल धारा में समाहित होती गई। भारत में आगमन के साथ इन्हीं जातियों की परंपराएं, विचारधाराएं, संस्कृति, संस्कार भारत की मुख्य धारा में एक रूप हो गई

और भारत की सांप्रदायिक सौहार्द की भावना आज भी वैसी की वैसी ही है। भारत के जिम्मेदार नागरिक होने के कारण हमारी बड़ी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम इस देश की अखंडता एकता समरूपता और परंपरा को मजबूत बनाकर विश्व के सामने एक मिसाल के रूप में पेश करें। यह सार्वभौमिक सत्य है कि कोई देश यदि संगठित एक रूप और शक्तिमान होता है तो सारा विश्व उसकी इस ऊर्जा शक्ति को चिन्हित कर उसका सम्मान करता है। और उस पर आक्रमण या किसी भी तरह के प्रतिबंध लगाने से भयभीत रहता है। जब तक हम एकता के सूत्र में बंधे तब तक हम मजबूत एवं शक्तिशाली हैं और जब हम खंडित या विघटित हुए तब तब देश कमजोर हुआ है।

## समाधान दिवस: 96 मामले में दो मौके पर निपटे

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला की मौजूदगी में तहसील सभागार मऊ में सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ।

शनिवार को जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में तहसील मऊ के जोरवारा हल्का के लेखपाल फूलचंद के चकरोड की नाप न करने की समस्या मिलने पर नाराजगी जताई। एसडीएम मऊ को निर्देश दिए कि तत्काल इन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि दें। जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्यायें सुने सम्बन्धित को जल्द शासन की मंशानुसार निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद के मामलों को पुलिस व राजस्व टीम को मौके पर भेजकर निस्तारित करायें। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने निस्तारण रजिस्टर में पिछले समाधान दिवस की समस्याओं के निस्तारण की जांच की। एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक ने बताया कि आज 96 मामले आये, जिनमें दो का मौके पर निस्तारण हुआ।



मऊ में समस्या सुनते डीएम-एसपी।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी मऊ राकेश कुमार पाठक, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, सीओ मऊ जयकरन सिंह, तहसीलदार मऊ विजय यादव, बंदोबस्त अधिकारी मनोहरलाल धर्मान, डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र, सीबीओ डॉ सुभाषचंद्र, उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, बीएसए लव प्रकाश यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, नायब तहसीलदार मऊ विवेक कुमार आदि मौजूद रहे ।

## अभियान में भाजपा ने बनाये चार सौ नये मतदाता

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले में भाजपा ने 11 मण्डलों के 124 शक्तिकेंद्रों के 851 बूथों पर मतदाता चेतना में अलग- अलग मतदेय स्थलों पर जिला प्रभारी अनिल यादव, जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, जिला संयोजक मतदाता चेतना महाअभियान आलोक पाण्डेय व विधानसभा संयोजक भागवत त्रिपाठी की मौजूदगी में जिला प्रभारी अनिल यादव ने कर्वी नगर मण्डल के सीतापुर शक्तिकेंद्र के बूथों, जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने शिवरामपुर मण्डल के शक्तिकेंद्र के बूथों पर मौजूद रहकर नये मतदाताओं के फार्म भरवाकर जमा कराए। शनिवार को जिला प्रभारी अनिल यादव ने मतदाता चेतना महाअभियान की चर्चा कर कहा कि भाजपा जनसंवाद करती है। जागरूक मतदाता सशक्त लोकतंत्र को आवश्यक है। भाजपा ने लोकतंत्र की मजबूती को वोटर चेतना महाअभियान चलाया है। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि एक-एक वोटर का नाम वोटर सूची में शामिल हो, यही भाजपा का संकल्प है। पंकज अग्रवाल ने कहा कि सबको मतदाता चेतना कैंप लगाकर सक्रिय प्रयास करना होगा। अभियान संयोजक आलोक पाण्डेय ने कहा कि शक्तिकेंद्रों के बूथों पर कार्यकर्ताओ ने मतदाता चेतना कैंप लगाया है। जिला प्रभारी व जिलाध्यक्ष की अगुवाई में शक्तिकेंद्रों के प्रवासी, प्रभारी, संयोजक, जनप्रतिनिधिगण, जिला मोर्चा व मण्डल पदाधिकारीगण, बूथों के अध्यक्ष, पन्ना प्रमुखों ने घर-घर सम्पर्क कर मतदाता चेतना महाअभियान के तहत चार सौ से अधिक लोगों के नाम जुडवाये।

अभियान में भाजपा नेता दिनेश तिवारी, तीरथ तिवारी, दिब्या त्रिपाठी, विनीता द्विवेदी, हीरो मिश्रा, सुमित मिश्रा, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, बृजेन्द्र शुक्ला, अखिलेश रैकवार, श्रद्धांशु, रवि गुप्ता, भवानी जोशी, राघव अग्रवाल, रमाकांत पाण्डेय, ओमप्रकाश, विनोद, शक्ति सिह, सच्चिदानंद, सुशील द्विवेदी, अंजू वर्मा, रामसागर चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

## लोस चुनाव में सपा करेगी भाजपा का सफाया: शिव शंकर

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सपा जिला कार्यालय में सपा की मासिक बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने की। संचालन जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने किया।

शनिवार को हुई बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने व अधिक से अधिक मतदाताओं को जोड़ने पर चर्चा हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कार्यकताओं से अनुशासन में रहकर पार्टी नीतियां घर-घर पहुंचने को कहा। कार्यकर्ता हर बूथ में जाकर वोटरों के नाम जोड़ने का काम कर रहे हैं। भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बुवाई के मौसम में किसान खाद को दर-दर भटक रहा है। सरकार किसानों की आमदनी दोगुनी करने का वायदा कर सत्ता में आई थी, किसान बुनियादी चीजों को रात- रात भर खाद को लाइन में खड़ा रहता है। जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से सरकार का कोई नुमाइंदा किसान की समस्या सुनने को तैयार नहीं है। इस मौके पर जिला महासचिव सत्य नारायण पटेल, लोहिया वाहनी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष निर्भय सिंह पटेल, राधेश्याम निषाद, आलोक सिंह चैहान, सत्यम यादव, लवकुश अग्रहरि, विजय गौतम, चंचल सिंह पटेल, फूलचंद्र यादव, जागेश्वर यादव, लवलेश यादव, श्रीमती रमा यादव, मानिकपुर विधान सभा अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव, राजा बाबू यादव, मो गुलाब खान, हरी प्रसाद यादव ने संबोधित किया।




मासिक बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष।

## आठ सौ मेगावाट सोलर पावर की डीएम ने की समीक्षा

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आठ सौ मेगावाट अल्ट्रामेगा सोलर पॉवर पार्क परियोजना की समीक्षा की। परियोजना में कुल 15 गांवों में 2345 एकड़ भूमि, 1390 एकड़ निजी भूमि व 955 एकड़ गांव सभा की भूमि लीज पर 70 वर्ष पूरे कर लिया है। अवशेष 305 एकड़ गांव सभा भूमि जल्द ही टुस्को लिमिटेड के पक्ष में लीज कर ली जायेगी। टुस्को लिमिटेड ने बताया कि 90 फीसदी तीन हजार एकड़ जल्द लीज पूरी करा ली जायेगी। शनिवार को तहसील मऊ सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को कार्य जल्द पूरे करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम मऊ राकेश पाठक, तहसीलदार विजय यादव, परियोजना अधिकारी यूपी नेडा एके श्रीवास्तव, अपर महाप्रबन्धक टुस्को लि मऊ एपी व्यास, वरिष्ठ प्रबन्धक टुस्को लि मऊ पीके भट्ट व सम्बन्धित गांवों के लेखपाल/ राजस्व निरीक्षक मौजूद रहे।

## नीति आयोग से विद्यालयों के सुन्दरीकरण को डीएम -सीडीओ ने देखा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर ने नीति आयोग से शहर के राजर्षि पुरुषोत्तम टंडन पूर्व माध्यमिक विद्यालय पुरानी बाजार, इस्लामिया विद्यालय तरौहा व कंपोजिट विद्यालय तरौहा में कराये जा रहे विद्यालयों के सुन्दरीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया।

शनिवार को डीएम व सीडीओ ने एक्सईएन आवास विकास को निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में टाइल्स, रंगाई-पुताई, प्रकाश व्यवस्था, रैंप, रेलिंग, बाउंड्रीवॉल, इंटरलॉकिंग के कार्य तेजी से करायें। उन्होंने राजर्षि पुरुषोत्तम टंडन पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बाहर तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश ईओ नगर पालिका को दिये। कार्यदाई संस्था से कहा कि बाहर भी बाउंड्रीवॉल बनायें। इस्लामिया विद्यालय के बाहर की भी बाउंड्रीवॉल, रैम्प रेलिंग बनायें। कंपोजिट विद्यालय तरौहा में निरीक्षण दौरान कहा कि यहां का कैम्पस काफी बड़ा है, यहां आंगनबाड़ी केंद्र की भी व्यवस्था करायें। अच्छे ढंग से प्रकाश व्यवस्था करायें। मुख्य गेट को ठीक कराकर टाइल्स, कैटल कैचर लगवायें। इमारत पर हाई मास्ट लगवायें। कैंम्पस अंदर इंडोर गेम, बैडमिंटन गेम की व्यवस्था करायें। प्रधानाध्यापक से कहा कि कंपोजिट ग्रांट से हैंड वॉश ठीक कराए।



विद्यालय का निरीक्षण करते डीएम-सीडीओ।

निरीक्षण दौरान एक्सईएन आवास विकास विकास कुमार, बीएसए लव प्रकाश यादव, ईओ लालजी यादव, जेई अनूप कुमार समेत संबंधित अधिकारी व शिक्षक मौजूद रहे।

## दयनीय दशा में ठेकेदार ने की भुगतान की मांग

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कर्वी के ठेकेदार आशीष कुमार चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि पहाडी ब्लाक में प्रमुख कक्ष, प्रमुख आवास में पुट्टी, रंगाई-पुताई, लाइट फिटिंग, नल फिटिंग, एल्युमिनियम गेट, खिडकी, इनवर्टर, अलमारी, कुर्सी, मेज का कार्य ढाई वर्ष पहले किया था। सोफा-बेड डेढ वर्ष बाद खराब स्थिति में लौटा दिया।

शनिवार को ठेकेदार ने बताया कि इन कार्यों का इस्टीमेट बनाकर जेई ने टेक्निकल रिपोर्ट दी है। पुट्टी-पुताई आदि की भी एमबी हो गई है। एडीओ पंचायत ने कार्य की जांचकर बीडीओ ने एकाउंटेन्ट को 24 सितम्बर 2022 को प्रांकलन में आख्या लगाई है।

इन सब कार्यों का भुगतान नहीं हो रहा। ठेकेदार ने कहा कि उसकी आर्थिक दशा खासी दयनीय है। ऐसे में उसका भुगतान जल्द कराया जाये।

## सूबे के सीएम के हैं नकल विहीन परीक्षा के कडे निदेर्श: गुलाब देवी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सूबे की माध्यमिक शिक्षामंत्री श्रीमती गुलाब देवी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ डाक बंगले में मंडलीय समीक्षा बैठक में दिशा-निर्देश दिए। माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने संयुक्त शिक्षा निदेशक से कहा कि मानक के विपरीत एक भी परीक्षा केंद्र न बनें। बोर्ड परीक्षा में कहीं नकल की शिकायत मिली तो कोई बख्शा नहीं जाएगा।

सूबे की शिक्षा मंत्री श्रीमती गुलाब देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नकल विहीन हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा कराने के कडे निर्देश हैं। पूरे प्रदेश में नकल विहीन परीक्षा होगी। पिछले वर्ष की भांति कापियों का समय से मूल्यांकन व परीक्षा फल घोषित होगा। किसी के दबाव में मानक विपरीत परीक्षा केंद्र नहीं बनेंगे। अन्यथा जिले के डीआईओएस जिम्मेदार होंगे। माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि बालिकाओं के परीक्षा केंद्र स्वकेंद्र में ही बनाए जायें। उनका विद्यालय परीक्षा केंद्र बनाने के मानक में नहीं है तो नजदीक ही परीक्षा केंद्र की सुविधा दी जाए।

उन्होंने आईजीआरएस, मानव संपदा पोर्टल, प्रवीण योजना, प्रोजेक्ट अलंकार योजना व माध्यमिक विद्यालयों के निर्माण कार्यों बाबत समीक्षा की। संस्कृत विद्यालयों को 95 फीसदी सरकार अनुदान देगी। पांच फीसदी प्रबंध समिति को देना होगा। बैठक में बांदा के जिला विद्यालय निरीक्षक विजयपाल सिंह, महोबा के गिरधारीलाल कोली, हमीरपुर के के के ओझा मौजूद रहे। प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान, डॉ राजीव पाठक, धर्मेंद्र सिंह, रुद्रनारायण पांडेय, व्यावसायिक शिक्षक संघ के शंकर यादव, कंप्यूटर शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष/शिक्षक विधायक प्रतिनिधि विवेक श्रीवास्तव, आलोक सिंह, सुधाकर सिंह, प्रधान लिपिक प्रदीप पांडेय आदि मौजूद रहे।



बैठक करती शिक्षा मंत्री।

## सपा जिलाध्यक्ष के दीघार्यु की सपाइयों ने की कामना

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव का जन्मदिन सपा कार्यालय में सपाइयों ने मनाया। इस मौके पर केक काटकर जिलाध्यक्ष के दीघार्यु की कामना की। उन्हें शुभकामनायें दी।

शनिवार को सपा वरिष्ठ नेता/ बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल ने जिलाध्यक्ष को तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा देते हुए उनके स्वस्थ व खुशहाल जीवन की कामना की। लोकसभा चुनाव 2024 मे अनुभवी जिलाध्यक्ष की अगुवाई में संसदीय क्षेत्र से सपा प्रत्याशी को जिताने का काम करेंगे। पटेल ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार से दलित, पिछड़ा, शोषित समाज दुखी एवं ठगा महसूस कर रहा है। सपा जातीय जनगणना कराने की मांग करती है, ताकि आबादी अनुसार सभी लोगों को हक मिल सके। सपा नेता निर्भय पटेल, जिला उपाध्यक्ष गुलाब खान, नरेंद्र यादव, सीताराम कश्यप, उमाकांत यादव, लवलेश यादव, सुभाष पटेल, राजा यादव, मंगल यादव, शीलू यादव, रामसनेही खंगार, सत्यम यादव, अमृतलाल गुप्ता, रामबाबू वर्मा, राजेंद्र यादव, सुरेश यादव आदि ने सपा जिलाध्यक्ष को शुभकामनायें दी।



जिलाध्यक्ष को मिठाई खिलाते मान सिंह पटेल आदि।

## आरोपी के घर कुर्की आदेश चस्पा

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के दरोगा राजीव कुमार ने सिपाही संजय कुमार के साथ चोरी व माल बरामद मामले में कुर्की आदेश नई दुनिया कसहाई के राजबहादुर उर्फ नग्गा पुत्र संवरिया के घर पर चस्पा किया। मामले के गवाह शिवकुमारी पत्नी कल्लू व सुधा देवी पत्नी प्रदीप नई दुनिया के समक्ष कुर्की आदेश उसके दरवाजे पर चस्पा किया।

## बडे बैनामों का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने तहसील मऊ के कोल मजरा में अक्टूबर 2023 में दर्ज बैनामों में सबसे बड़ी मालियत के दो बैनामों का स्थलीय सत्यापन किया। क्रेता सरोज सिंह व विक्रेता जनार्दन पांडेय, विद्या शंकर पांडेय के लेख पत्रों का मौके पर निरीक्षण किया। शनिवार को जिलाधिकारी ने उपनिबंधक मऊ अमित कुमार श्रीवास्तव को निर्देश दिए कि विलेखों के बैनामा में लगे स्टांप का परीक्षण कर लें। कोई कमी हो तो कार्यवाही करायें। निरीक्षण दौरान एसडीएम मऊ राकेश कुमार पांडेय, नायब तहसीलदार विवेक कुमार, उप निबंधक मऊ अमित कुमार श्रीवास्तव, हल्का लेखपाल आदि मौजूद रहे।

## मराठा इमारत: किला तोडने को लेकर सुलग रहा आक्रोश

### दुष्कर्म आरोपी कहीं सजा न हो जाये, इसलिए अनैतिक ढंग से एकत्र कर रहे दौलत

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मराठा कालीन इमारत को तोडे जाने को लेकर लोगों में आक्रोश सुलग रहा है। इसे लेकर तमाम लोगों ने मिश्रित खीझ व गुस्सा से भरी प्रतिक्रिया दी है। किसी ने कहा कि चित्रकूट जिले के महत्वपूर्ण स्थलों को बेंचा जा रहा है, किसी ने कहा कि दुष्कर्म आरोप में कहीं सजा न हो जाये। इसलिए जल्दी से जल्दी अनैतिक ढंग से दौलत एकत्र कर ली जाये। शनिवार को कर्वी विधानसभा के सपा विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि विरासत के महत्व को समझते होते और विरासत सहेजने की समझ होती तो पेशवाकालीन किला को तोडने की बजाय इसका जीर्णोद्धार कर दर्शनीय स्थल के बतौर विकसित करते, तो बेहतर होता। एआईसीसी सदस्य/कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मिश्र ने कहा कि इस मामले को लेकर वे हाईकोर्ट की दहलीज पर जायेंगे।



हर हाल में ऐतिहासिक किला को ध्वस्त कराने वालों पर कार्यवाही की मांग करेंगे। सपा के वरिष्ठ नेता/ बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल ने कहा कि चित्रकूट के महत्वपूर्ण स्थलों को बेंचने को नगर पालिका मुस्तैद है। एक व्यापारी से पालिका क्षेत्र के लोग उम्मीद भी क्या कर सकते हैं। कहा कि शासन-प्रशासन ने ऐतिहासिक किला को ध्वस्त करने के प्रयास करने वालों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की तो समाजवादी पार्टी आन्दोलन को बाध्य होगी।

ह्यूमन राइट्स लॉ नेटवर्क के जिला संयोजक का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने कहा कि नियम विरुद्ध ऐतिहासिक किले को ध्वस्त करने का टेंडर हुआ है। नगर पालिका ने किले को फ्रीहोल्ड कराये बिना वहां बुलडोजर चलवाकर अपराध किया है। वहां बनी नई इमारत के खिडकी-दरवाजे भी ठेकेदार निकाल ले गया है। शासन की अनुमति बिना ऐतिहासिक इमारत को ध्वस्त करने की कुचेष्टा की गई है। ऐसे लोगों को कटघरे में खडा किया जायेगा। पालिका के पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव नेता ने कहा कि आईजीआरएस से मुख्यमंत्री से जांच की मांग की गई है। आनलाइन टेंडर क्यों नहीं कराये, आफलाइन किसके आदेश से कराये हैं।

उन्होंने कहा कि ईओ लालजी यादव पर कौशाम्बी में दुष्कर्म आरोप का मामला चल रहा है। ऐसे में उन्हें कहीं सजा न हो जाये, इसलिए वे जल्दी-जल्दी अनैतिक ढंग से दौलत एकत्र करने में जुटे हैं। सपा प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य/पूर्व जिलाध्यक्ष सपा अनुज सिंह यादव ने कहा कि उन्होंने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से इस मामले में बात की है। वे लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक किले के ध्वस्तीकरण को मुद्दा बनायेंगे। भाजपा ने जिले में कोई ऐसा उल्लेखनीय कार्य नहीं किया, जिसे लेकर चुनाव में जनता के सामने जायें। ऐसे में वे इसे मुद्दा बनाकर लोकसभा चुनाव प्रत्याशी को लडायेंगे। चूंकि बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र में ज्यादातर सांसद चित्रकूट से होते रहे हैं। ऐसे में चित्रकूट का मुद्दा संसदीय क्षेत्र में खासा प्रभावी होगा। ब्रम्हदत्त पाण्डेय उर्फ गुड्डू भइया ने कहा कि अफसोस है कि कर्वी के पेशवा शासकों के इस ऐतिहासिक किले को बचाने व संरक्षित करने को कोई नेता व समाजसेवी आगे नहीं आ रहा, जबकि इसे लेकर लोगों में आक्रोश उबल रहा है। युवा पुरातत्वविद अनुज हनुमत ने कहा कि जिले में ऐतिहासिक महत्व की कई इमारते हैं। संरक्षण बेहद जरूरी है। मौजूदा पीढी को सैकडों-हजारों वर्षों पहले भारतीय संस्कृति-स्थापत्य से जुडी कला के बारे में पता होना चाहिए, ये देखकर ही सम्भव होगा। प्राचीन इमारत मराठा कालीन सिर्फ के धरोहर का संरक्षण आवश्यक है। प्रशासन को दोहरी नीति न अपनाकर पूरी पारदर्शिता से इसे बचाना चाहिए। जिला प्रशासन ने मराठा कालीन धरोहर के अन्दर अवैध कब्जा धारकों को हटवाकर सराहनीय कार्य किया है, लेकिन पुरानी इमारतों को ध्वस्त करना बहुत गलत है। प्राचीन धरोहर का ये जीवन्त दस्तावेज खत्म न हो, इसी में वर्तमान मानव जाति की भलाई है।

## ग्रामीणों को दिलाया विकसित भारत का संकल्प: राजकुमार

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** उपकृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के 12वें दिन कर्वी ब्लाक में टिटिहरा व गोबरिया बुजुर्ग में भाजपा जिला मंत्री राजेश द्विवेदी, महामंत्री राजेश जयसवाल, नोडल अधिकारी/जेई एमआई गिरीश कुमार, ग्राम पंचायत सचिव मान सिंह, प्रधान आदि ग्रामीणों की मौजूदगी में विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी गई।

शनिवार को ब्लाक पहाड़ी में अरछा बरेठी व ब्योहरा में डे-नोडल अधिकारी/एडीओएसके सुनील सिंह, सचिव विश्व प्रधान मिश्र, प्रधान व ग्रामीणों की मौजूदगी में विभिन्न विभागों समेत कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई। मानिकपुर ब्लाक में कुई व पैकोरामाफी में डे-नोडल अधिकारी/एडीओएसके प्रशांत रैकवार, सचिव जय प्रकाश भारती, प्रधान व ग्रामीणों की मौजूदगी में विभिन्न विभागों समेत कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई। मऊ ब्लाक के करही व तेंदुआमाफी में खण्ड विकास अधिकारी मऊ, डे-नोडल अधिकारी/उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी मऊ चरण सिंह, सचिव नरेन्द्र सिंह, प्रधान व ग्रामीणों की मौजूदगी में योजनाओं की जानकारी देने का कार्यक्रम सफल रहा।

इस कार्यक्रम में भारत सरकार के प्रचार वाहन से वीडियो स्क्रीन से विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों व किसानों को दी गई। विभिन्न विभाग के मौजूद अधिकारियों ने भी जागरूक किया। विकासित भारत का संकल्प भी लिया।



योजनाओं की जानकारी देते अधिकारीगण।

## पुलिस ने गांजा समेत दबोचा अन्तर्जनपदीय तस्कर

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थो की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में पुलिस ने एक अन्तर्जनपदीय गांजा तस्कर को चार किलो सौ ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया है।



पुलिस गिरफ्त में गांजा तस्कर।

शनिवार को राजापुर थाने के दरोगा मुकेश परिहार की टीम ने मुखबिर की सूचना पर चिल्लीराकस गांव से राज निषाद पुत्र श्यामलाल निवासी बालिपुर रमसगरा थाना किशनपुर जिला फतेहपुर को चार किलो सौ ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया। पूंछताछ में आरोपी ने बताया कि ये गांजा फतेहपुर के किशनपुर से लाकर गांजा पीने वालों को बेंचने जा रहा था। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत दो लाख पांच हजार रुपये है। टीम में दरोगा मुकेश परिहार, सिपाही अंकित शुक्ला, शुभम त्रिपाठी, जितेन्द्र मौर्या व निशांत यादव शामिल रहे।

## फिलीपींस के मिंडानाओ में 7.6 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी

मिंडानाओ (फिलीपींस)
फिलीपींस में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक फिलीपींस के मिंडानाओ में आये इस शक्तिशाली भूकंप की तीव्रता 7.6 मापी गई है। मिंडानाओ में शक्तिशाली भूकंप रात 10 बजकर 37 मिनट पर आया। इसका केंद्र सतह से 32 किलोमीटर (20 मील) की गहराई में था। हालांकि जान माल के नुकसान की कोई सूचना अभी नहीं है।

प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र के अनुसार, दक्षिणी फिलीपींस में 7.6 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई। सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि भूकंप की तीव्रता और स्थान को देखते हुए दक्षिणी फिलीपींस और इंडोनेशिया, पलाऊ और मलेशिया के कुछ हिस्सों में सुनामी आने की आशंका है।

देश की एक सरकारी एजेंसी ने मिंडानाओ के पूर्वी तट पर सुरिगाओ डेल सुर और दावो ओरिएंटल प्रांतों के लोगों को तुरंत ऊपरी इलाकों में जाने की सलाह दी है।

## गिलगित बाल्टिस्तान में यात्री बस पर आतंकी ने की गोलीबारी, हमले में आठ लोगों की मौत0



**पीटीआई, पेशावर।** गुलाम कश्मीर के गिलगित बाल्टिस्तान में शनिवार को एक यात्री बस पर आतंकियों ने गोलीबारी की। इसमें कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए।


जानकारी के अनुसार, बस गिलगित से रावलपिंडी जा रही थी तभी चिलास में शाम करीब साढ़े छह बजे आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। अधिकारी ने बताया कि हमले के बाद चालक ने नियंत्रण खो दिया और बस सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई।

पुलिस ने बताया कि मृतकों और घायलों में सैन्य कर्मियों के साथ-साथ आम नागरिक भी शामिल हैं। चिलास के डिप्टी कमिश्नर आरिफ अहमद ने कहा कि हमले में मारे गए आठ लोगों में से अब तक पांच की पहचान हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि 26 अन्य घायल हो गए और उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरिफ अहमद ने बताया कि बस में सवार सेना के दो जवान भी मृतकों में शामिल हैं और हमले में विशेष सुरक्षा इकाई का एक कर्मी घायल हो गया है।

उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोग कोहिस्तान, पेशावर, घीजर, चिलास, राउंडू, स्कर्दू, मनसेहरा और स्वाबी क्षेत्रों के थे और एक या दो लोग सिंध से थे। कई घायलों की हालत गंभीर बनीं हुई है और मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। अभी तक किसी ने भी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## फिलीपींस में भूकंप से कांपी धरती, मिंडानाओ में 7.6 तीव्रता के झटके; सुनामी की चेतावनी जारी




एपी, मिंडानाओ (फिलीपींस)। फिलीपींस में भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि फिलीपींस के मिंडानाओ में 7.6 की तीव्रता के झटके लगे हैं।

समाचार एजेंसी एपी के मुताबिक, फिलीपींस के मिंडानाओ में शक्तिशाली भूकंप रात 10 बजकर 37 मिनट पर आया। इसका केंद्र सतह से 32 किलोमीटर (20 मील) की गहराई में था।

सुनामी चेतावनी केंद्र के अनुसार, दक्षिणी फिलीपींस में 7.6 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई है।

सुनामी की चेतावनी जारी

प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि भूकंप की तीव्रता और स्थान को देखते हुए दक्षिणी फिलीपींस और इंडोनेशिया, पलाऊ और मलेशिया के कुछ हिस्सों में सुनामी आने की आशंका है।

देश की एक सरकारी एजेंसी ने मिंडानाओ के पूर्वी तट पर सुरिगाओ डेल सुर और दावो ओरिएंटल प्रांतों के लोगों को तुरंत ऊपरी इलाकों में जाने की सलाह दी है।

**बांग्लादेश में भूकंप के झटके**

बांग्लादेश में शनिवार सुबह भूकंप का झटका महसूस किया गया। तत्काल किसी तरह की क्षति की सूचना नहीं मिली है। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप की तीव्रता 5.5 थी।

# लंदन में भारतीय छात्र की मौत की जांच जारी, शव को स्वदेश लाने के लिए गो फंड मी के तहत 4,500 पाउंड जुटाए गए



**लंदन**
ब्रिटेन में लापता 23 वर्षीय भारतीय छात्र मीत कुमार पटेल लंदन की टेम्स नदी में मृत पाया गया है। मीत कुमार सितंबर में पढ़ाई के लिए ब्रिटेन पहुंचे थे। 17 नवंबर को उनके लापता होने की सूचना मिली थी। स्थानीय इवनिंग स्टैंडर्ड अखबार के अनुसार मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने 21 नवंबर को पूर्वी लंदन के कैनरी घाट क्षेत्र के पास टेम्स नदी में उसका शव खोजा। पैरामेडिक्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि मौत को संदिग्ध नहीं माना जा रहा है। जांच चल रही है।

इस अखबार के अनुसार, मीत कुमार को शेफील्ड हॉलम विश्वविद्यालय में डिग्री और अमेजॉन में अंशकालिक नौकरी शुरू करनी थी। उसे 20 नवंबर को शेफील्ड जाना था।

वह रोजाना की सैर के बाद लंदन में अपने घर नहीं लौटे, तो उनके रिश्तेदारों ने पुलिस को लापता होने की सूचना दी थी। किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले मीत कुमार के परिवार की मदद के लिए लंदन में रहने वाले रिश्तेदारों ने धन जुटाने और उनके शव को भारत भेजने का बंदोबस्त करने का फैसला लिया। लंदन में जुटाया गया फंड भारत में मीत कुमार के परिवार को स्थानांतरित किया जाएगा।

उनके रिश्तेदार पार्थ पटेल ने गो फंड मी ऑनलाइन फंडराइजर लॉन्च कर पिछले सप्ताह से अब तक लगभग 4.74 लाख रुपये (4,500 पाउंड ) से अधिक राशि जुटाई है। धन संचय की अपील में लिखा गया है कि 23 वर्षीय मीत पटेल 19 सितंबर, 2023 को उच्च अध्ययन के लिए यूके आया था। इस बीच सामने आया है कि मीत ने 'लापता' होने से पहले एक ऑडियो संदेश अपने परिवार को भेजा था। उनका परिवार गुजरात के पाटन जिले के चाणस्मा तहसील के रणासन गांव में रहता है। मीत ने कहा था कि वह मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या का रास्ता अपना रहा है।

## गाजा पट्टी में गरज रहे टैंक, इजराइल-हमास के बीच भीषण लड़ाई



गाजा पट्टी,
गाजा पट्टी में संघर्ष विराम टूटने के आठवें दिन बाद से फिर धरती पर टैंक और आसमान पर रॉकेट और मिसाइल गरज रहे हैं। फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन के संघर्ष विराम का उल्लंघन के करने के बाद शुरू हुआ यह घमासान पूरी रात जारी रहा। आज (शनिवार) सुबह भी कई इलाकों में इजराइल के सुरक्षाबलों और हमास के आतंकवादियों के बीच झड़प हुई है।

द टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार के अनुसार संघर्ष विराम टूटने के बाद दक्षिणी गाजा में रातभर भीषण लड़ाई हुई है। इसके अलावा इजराइली जेट विमानों ने दमिश्क के पास भी हमला किया है। इससे वहां भारी क्षति हुई है इजराइल की सेना ने गाजा में हमास और अन्य आतंकवादी समूहों के खिलाफ आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है। फिलिस्तीनी एन्क्लेव के दक्षिणी हिस्से में अब भी गोलीबारी हो रही है।

इस अखबार के अनुसार खान यूनिस और राफा क्षेत्र में भी तेज लड़ाई जारी है। खान यूनिस में हमास के खूंखार कमांडर मौजूद हैं। इजराइली सुरक्षा बलों ने गाजा शहर और बेत लाहिया में घेरा कड़ा कर दिया है। इजराइली सुरक्षाबलों ने खान यूनिस के लोगों को फौरन इलाका छोड़ने की चेतावनी दी है। इस सारे घटनाक्रम पर इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने एक्स पर कहा है कि आईडीएफ हमास के कब्जे से बंधकों को छुड़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। 24 घंटे में गाजा में हमास के ऑपरेशनल कमांड सेंटर्स को नष्ट कर दिया गया। हमास के आतंकी इन भूमिगत केंद्रों से हमला कर रहे थे। इजराइल की थल और नभ सेना के हमले में हमास को भारी क्षति हुई है।

## प्रधानमंत्री मोदी कॉप-28 में हिस्सा लेकर दुबई से स्वदेश लौटे, राष्ट्रपति नाहयान से कहा-अगले माह आइए गुजरात



**दुबई**
भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण पर आयोजित कॉन्फ्रेंस ऑफ द पार्टीज (कॉप)-28 (सीओपी-28) में हिस्सा लेकर शुक्रवार रात स्वदेश लौट गए। प्रधानमंत्री मोदी ने दुबई यात्रा के दौरान विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों से मुलाकात की। उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन की बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मेलन के मौके पर यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से भी मुलाकात की। उन्हें अगले महीने भारत में होने वाले वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया।

प्रधानमंत्री मोदी की इस दौरान इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी से भी मुलाकात हुई। मेलोनी ने उनके के साथ सेल्फी ली और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि हम अच्छे दोस्त हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेलोनी के अलावा ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, ब्राजील के प्रधानमंत्री लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन, पूर्व ब्रिटिश पीएम टोनी ब्लेयर से भी मुलाकात की।

प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के चार सत्रों को संबोधित किया। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के साथ भी प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक की। प्रधानमंत्री ने जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने में भारत की पहल और प्रगति पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री मोदी ने जी20 अध्यक्षता के दौरान भारत का समर्थन करने के लिए गुटेरेस को धन्यवाद दिया। गुटेरेस ने पर्यावरण को लेकर भारत के प्रयासों की सराहना की। गुटेरेस ने प्रधानमंत्री की ग्रीन क्रेडिट पहल का भी स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व नेताओं से आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए ग्रीन क्रेटिट्स इनिशिएटिव में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कार्बन क्रेडिट की अवधारणा वाणिज्यिक लाभ से प्रभावित है।

## पुलिस की वर्दी में आए डकैतों ने कराची के कई घरों में मचाया तांडव, लाखों के आभूषण-नकदी पर हाथ किया साफ

**एएनआई, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कराची शहर के गुलशन-ए-मायमार क्षेत्र में पुलिस की वर्दी पहनकर डकैतों ने कई घरों में लूटपाट की। हाल ही में लाहौर में गुरु नानक प्रकाश पर्व में भाग लेने आए भारतीय सिख कंवल जीत सिंह और उनके परिवार के सदस्यों को पुलिस वर्दी पहने लुटेरों ने लूट लिया।

**पुलिस अधिकारियों की वर्दी और सादे कपड़ों में थे डकैत**

कराची के पीड़ित परिवारों के अनुसार, डकैत सिंध पुलिस अधिकारियों की वर्दी और सादे कपड़ों में थे। सोना, आभूषण, मोबाइल फोन और नकदी समेत सभी कीमती सामान लूट लिए।

**डकैतों ने दूसरे घरों को निशाना बनाया**

इसके अलावा एक घर के बाद डकैतों ने दूसरे घरों को भी निशाना बनाया और सामान के साथ सीसीटीवी फुटेज भी ले गए। कराची पुलिस ने पिछले महीने सुरजन कस्बे से इसी तरह की घटना में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया था।

**क्या बोले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेहरोज**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेहरोज अली ने कहा है कि दोनों पुलिस वर्दी पहनकर लूटपाट करने वाले छह सदस्यीय गिरोह के सदस्य हैं। उल्लेखनीय है पिछले दिनों पुलिस वर्दी वाले डकैतों ने एक सिख परिवार के साथ लूटपाट की थी।

**40 लाख के आभूषण-नकदी पर हाथ साफ किया**

कराची के गार्डन क्षेत्र में घरेलू नौकरानियां 40 लाख के आभूषण और नकदी चुराकर भाग गई। शिकायत के अनुसार, घटना से पांच दिन पहले नौकरानियों को काम पर रखा गया था। अक्टूबर में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के पूर्व असेंबली सदस्य के घर से भी नौकरानी 85 लाख के आभूषण और पांच लाख रुपये लेकर भाग निकली थी।

## कॉप-28: स्वच्छ ईंधन 3 गुना करने पर 117 देश सहमत, इस दशक में जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल में कमी लाना है लक्ष्य

**रायटर, दुबई।** संयुक्त राष्ट्र के जलवायु शिखर सम्मेलन कॉप-28 में शनिवार को 117 देशों की सरकारों ने 2030 तक दुनिया की स्वच्छ ईंधन क्षमता को तीन गुना करने का संकल्प लिया है। इन देशों का लक्ष्य इस दशक में जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल में कमी लाना है। ऊर्जा क्षेत्र में कार्बन के उत्सर्जन में कमी लाने के लिए कॉप-28 के दौरान शनिवार को कई घोषणाएं की गईं।

**कॉप-28 सम्मेलन के अध्यक्ष ने क्या कहा?**

वैश्विक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन का लगभग तीन चौथाई स्त्रोत ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित है। ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाने के लिए परमाणु ऊर्जा का विस्तार करने, मीथेन उत्सर्जन में कटौती करने और कोयला बिजली के लिए निजी फंडिंग को बंद करने का प्रस्ताव शामिल है। कॉप-28 सम्मेलन के अध्यक्ष संयुक्त अरब अमीरात के सुल्तान अल-जबर ने कहा कि यह प्रस्ताव दुनिया को बेरोकटोक कोयले के इस्तेमाल से दूर करने में मदद कर सकता है और करेगा।

# नेपाल: नकली भूटानी शरणार्थी मामले में दो पूर्व उप प्रधानमंत्रियों को उच्च अदालत ने भी जमानत देने से किया इनकार





**काठमांडू**
नेपाली नागरिकों को नकली भूटानी शरणार्थी बनाकर अमेरिका भेजे जाने के प्रकरण में पिछले 6 महीने से न्यायिक हिरासत में रहे देश के दो पूर्व उपप्रधानमंत्रियों एवं गृहमंत्री को उच्च अदालत ने भी जमानत देने से इनकार कर दिया है। इनके साथ ही गृहमंत्री के सलाहकार, तत्कालीन गृह सचिव की जमानत याचिका भी नामंजूर हो गई है।

पाटन उच्च अदालत ने इस मामले में पकड़े गए सभी हाई-प्रोफाइल लोगों की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार की देर शाम को इनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। जिन लोगों की जमानत याचिका खारिज की गई है, उनमें पूर्व उप प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री बालकृष्ण खांड, पूर्व उप प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री टोप बहादुर रायमांझी, तत्कालीन गृहमंत्री राम बहादुर थापा के प्रमुख सलाहकार इन्द्रजीत राई, तत्कालीन गृह सचिव तथा वर्तमान में उपराष्ट्रपति कार्यालय के सचिव टेक नारायण पाण्डे सहित 10 लोग शामिल हैं।

इसी मामले में बालकृष्ण खांड को लेकर दो जजों की बेंच में जमानत देने को लेकर विवाद हो गया है। एक जज ने अपने फैसले में खांड को 30 लाख रुपये के मुचलके पर जमानत पर रिहा करने का फैसला लिखा लेकिन उसी फैसले के नीचे दूसरे जज ने इस फैसले पर अपना नोट ऑफ डिसेंट लिखते हुए कहा कि जब इसी मामले में एक पूर्व गृहमंत्री की जमानत याचिका खारिज की जा रही है तो दूसरे पूर्व गृहमंत्री को कैसे जमानत दी जा सकती है? दूसरे जज की आपत्ति के बाद इस मामले में तीसरे जज को अपना मत रखने की राय दी गई है। नेपाल में रहने वाले भूटानी शरणार्थियों को अमेरिका ने अपने यहां बसाने का फैसला किया था। इसी की आड़ में करीब सात सौ नेपाली नागरिकों को नकली भूटानी शरणार्थी बनाकर अमेरिका भेजने के लिए नीतिगत रूप से हुए भ्रष्टाचार के एक मामले में कई हाई प्रोफाइल लोगों को गिरफ्तार किया गया था। नेपाली नागरिकों को नकली भूटानी शरणार्थी बनाकर अमेरिका भेजने के लिए प्रति व्यक्ति 50 लाख से लेकर एक करोड़ रुपये तक की वसूली करने के बाद पूरा का पूरा सरकारी तंत्र इसमें संलग्न हो गया था।

सबसे पहले इस मामले ने नेपाल की कैबिनेट ने गृह मंत्रालय के प्रस्ताव पर एक कमेटी बनाई। उसने नेपाली नागरिकों को नकली भूटानी शरणार्थी बनाकर पेश किया। फिर उस सूची को अमेरिका भेजा गया ताकि इन सभी को अमेरिकी सरकार अपने यहां की नागरिकता प्रदान कर उनके रहने का प्रबन्ध करे। हालांकि उससे पहले जितने भी भूटानी शरणार्थी थे, उनमें से अधिकांश को अमेरिका भेजा जा चुका था। नेपाल की तरफ से सात सौ अतरिक्त लोगों की सूची देने के बाद अमेरिका को संदेह हुआ, जिससे इस पूरे प्रकरण का खुलासा हुआ था।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।